राष्ट्रीय हिंदी/अंग्रेज़ी दैनिक

# मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

नई दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, एनसीआर, नूंह से प्रकाशित | संपादक अभयसिंह सैनी | 9992904845,8059956005

वर्ष : 03 | अंक : 122 | नूंह, शनिवार 01 फरवरी 2025 | आर एन आई नंबर : HARBIL/2022/87426 | मूल्य : 2 रूपए | पेज : 08 | mewatnewsexpress11@gmail.com

# दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रचार में पीएम मोदी का आप पर बड़ा हमला, पहले कांग्रेस फिर आप-दा को झेला, यहां डबल इंजन की सरकार चाहिए तो भाजपा को जिताइए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

5 फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले सभी पार्टियों ने प्रचार में पूरा जोर लगा दिया है। इसी कड़ी में पीएम नरेंद्र मोदी ने द्वारका में जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने आम आदमी पार्टी पर जमकर हमले किए। दिल्ली को केंद्र और राज्य सरकार की डबल इंजन वाली सरकार चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली ने ठान लिया है, आप-दा वालों को भगाना है। इस बार भारी बहुमत से भाजपा की सरकार बनाना है। भाजपा दिल्ली को जितना आधुनिक बनाना चाहती है, उसकी एक झलक यहां द्वारका में दिखती है। केंद्र ने यहां भव्य यशोभूमि का निर्माण करवाया, यशोभूमि की वजह से यहां द्वारका, दिल्ली के हजारों नौजवानों को रोजगार मिला है, यहां लोगों का व्यापार बढ़ा है। आने वाले समय में ये पूरा क्षेत्र एक प्रकार से स्मार्ट शहर होगा। आपने पहले कितने ही साल कांग्रेस को देखा, फिर दिल्ली पर आप-दा वालों ने कब्जा कर लिया। आपने मुझे देश की सेवा करने का बार-बार अवसर दिया है, अब आप मुझे दिल्ली की भी सेवा करने का मौका दें।

5 फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले सभी पार्टियों ने प्रचार में अपना पूरा जोर लगा दिया है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने द्वारका में जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में आम आदमी पार्टी पर जमकर हमले किए।

## आप-दा वालों ने दिल्ली वालों को जमकर लूटा

द्वारका में जनसभा को संबोधित किया



आने वाले समय में इस शहर को हम स्मार्ट बनाएंगे आप सेवा का मौका दें

आप-दा वालों ने दिल्ली को अपनी राजनीति चमकाने का एटीएम बना दिया है। आप-दा वालों ने दिल्ली का पैसा निचोड़ लिया है, लूट लिया है। दिल्ली में घोटाले करके ये आप-दा वाले कालेधन से देश के दूसरे राज्यों में राजनीति चमकाते हैं। दिल्ली में तकरार वाली नहीं, तालमेल वाली सरकार चाहिए, ताकि मिलजुल कर दिल्ली की हर बड़ी समस्या का समाधान हो। हमें मिलकर दिल्ली को लूट और झूठ की आप-दा से मुक्त कराना है।

### यशोभूमि से दिल्ली वालों को रोजगार मिला

पीएम मोदी ने आगे कहा कि केंद्र सरकार ने यहां एक शानदार यशोभूमि का निर्माण किया। यशोभूमि की वजह से द्वारका और दिल्ली के हजारों युवाओं को रोजगार मिला है और यहां के लोगों का कारोबार बढ़ा है। आने वाले समय में यह पूरा इलाका एक तरह से स्मार्ट सिटी बन जाएगा।

### विधानसभा के पहले ही सत्र में कैग रिपोर्ट पेश करेंगे

पीएम नरेंद्र मोदी ने द्वारका में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा के पहले ही सत्र में कैग रिपोर्ट पेश की जाएगी। यह रिपोर्ट आप-दा के घोटालों को उजागर करेगी, यही वजह है कि वे इसे छिपाने की कोशिश कर रहे है। मैंने दिल्ली के लोगों का उत्साह देखा है और हम आप-दा के प्रति उनकी नफरत भी देख सकते है। ये लोग सिर्फ झूठी अफवाहें फैलाते हैं।

### 11 सालों में आप-दा ने केवल लड़ाई लड़ी

पीएम मोदी ने दिल्ली के द्वारका इलाके में एक जनसभा में कहा कि पिछले 11 सालों में आप-दा ने सबसे लड़ाई लड़ी है। वे केंद्र सरकार से लड़ते हैं, वे हरियाणा के लोगों से लड़ते हैं, वे यूपी के लोगों से लड़ते हैं, वे केंद्र सरकार की योजनाओं को लागू नहीं होने देते। अगर दिल्ली में सिर्फ आप-दा के लोग रहेंगे तो दिल्ली विकास में पिछड़ जाएगी और बर्बाद होती रहेगी।

### केजरीवाल के खिलाफ प्रियंका ने की चुनावी जनसभा



दिल्ली विधानसभा चुनाव में पहली बार अरविंद केजरीवाल के खिलाफ गांधी परिवार खुलकर प्रचार करता नजर आएगा। कांग्रेस पार्टी ने अपनी रणनीति में बदलाव करते हुए अब नई दिल्ली विधानसभा सीट पर सक्रिय प्रचार अभियान शुरू करने का फैसला किया है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा शुक्रवार शाम को पिलनजी गांव, सब्जी मंडी में प्रचार किया। वे कांग्रेस उम्मीदवार संदीप दीक्षित के समर्थन में जनसभा की और कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश की।

## अखिलेश ने आप के पक्ष में किया रोड शो



### भाजपा को साफ करने की अपील की

लखनऊ से आप को समर्थन के ऐलान के बाद अखिलेश यादव दिल्ली की सड़कों पर भी उतर चुके हैं। दिल्ली में अखिलेश ने अरविंद केजरीवाल के साथ रोड शो किया है और हाथ में झाड़ू लेकर दिल्लीवालों से भाजपा का सफाया करने की अपील की है। यादव न तो राहुल गांधी का नाम लिया, और न ही कहीं कांग्रेस को सीधे सीधे टार्गेट करने की कोशिश की, जबकि साथ चल रहे केजरीवाल कांग्रेस और भाजपा में ईलू-ईलू का खेल समझाने में लगे रहे, लेकिन लोगों को वोट बर्बाद न करने की सलाह देकर थोड़ा संशय जरूर पैदा कर दिया है। यादव दिल्ली में कांग्रेस या राहुल गांधी का नाम भले न ले रहे हों, लेकिन केजरीवाल का समर्थन करके कांग्रेस के खिलाफ कदम तो बढ़ा ही दिया है। जिस तरह से दिल्ली में अरविंद केजरीवाल के खिलाफ राहुल गांधी ने आक्रामक रुख अख्तियार कर लिया है, अखिलेश यादव का स्टैंड तो पूरी तरह कांग्रेस के खिलाफ ही जाता है।

### यमुना में जहर संबंधी नोटिस पर केजरीवाल ने दिया जवाब



आप मुखिया अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया था कि हरियाणा की भाजपा सरकार द्वारा दिल्ली को भेजे जाने वाले यमुना के पानी में जहर है। जिस पर चुनाव आयोग ने केजरीवाल को नोटिस भेज कर जवाब मांगा था।जिसका जवाब केजीरवाल ने शुक्रवार को चुनाव आयोग को छह पन्नों को सौंपी गए पत्र में दे दिया है, जिसमें केजरीवाल ने चुनाव आयोग द्वारा पूछे गए पांच प्रश्नों का सिलससिलेवार तरीके से जवाब दिया है। चुनाव आयोग ने कहा केजरीवाल के आरोपों की गहन जांच करने की प्रतिबद्धता जताई है।

## खबर संक्षेप

### उत्तरकाशी में फिर भूकंप के हल्के झटके लगे


**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में शुक्रवार सुबह करीब 9 बजकर 29 मिनट पर फिर



भूकंप का झटका महसूस किया गया। उत्तरकाशी में छह दिन में नौ बार धरती डोल चुकी है, जिससे लोग डरे और सहमे हुए हैं। शुक्रवार सुबह आए भूकंप की तीव्रता 02.07 रही। किसी भी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

### राजस्थान विधानसभा से 'अपशकुन' का साया दूर

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा पर 25 साल से मंडरा रहा 'अपशकुन' का साया दूर कर दिया गया है।



अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने वास्तु शास्त्रियों के सुझावों के आधार पर विधानसभा में रंग से लेकर कई बदलाव किए हैं। वासुदेव ने कहा कि हर बार किसी न किसी वजह से विधायक कम हो जाते हैं।

### धर्म संसद में सनातन बोर्ड का जल्द हो गठन

**प्रयागराज।** संगम नगरी प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में बुलाई गई सनातन धर्म संसद बैठक में



सनातन बोर्ड से जुड़ा प्रस्ताव पारित किया गया है। कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर नेकहा कि धर्म संसद में सनातन बोर्ड को लेकर प्रस्ताव पारित हो गया है और जल्द ही बोर्ड बनना चाहिए।

## राष्ट्रपति ने बजट सत्र के पहले दिन दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित किया

# तीन गुना गति से काम कर रही सरकार, एक देश एक चुनाव और वक्फ पर कदम आगे बढ़ें

### देश की विकास यात्रा के अमृतकाल को सरकार उपलब्धियों से नई ऊर्जा दे रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को संसद में सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के इस तीसरे कार्यकाल में तीन गुना गति से काम हो रहा है। इस दौरान 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' और वक्फ (संशोधन) विधेयक जैसे कानूनों पर तेज गति से कदम आगे बढ़ाया गया है। उन्होंने बजट सत्र के पहले दिन संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि भारत की विकास यात्रा के इस अमृतकाल को सरकार अभूतपूर्व उपलब्धियों के माध्यम से नई ऊर्जा दे रही है।'एक राष्ट्र, एक चुनाव' से संबंधित दो विधेयकों पर इन दिनों संसद की एक संयुक्त समिति विचार कर रही है। वहीं वक्फ संशोधन विधेयक पर विचार करने वाली संयुक्त संसदीय समिति ने अपनी रिपोर्ट लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंप दी है। संबंधित विधेयक इस बजट सत्र के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

### राष्ट्रपति के अभिभाषण से जुड़ी अहम बातें

- 10 साल में बुनियादी ढांचे का बजट पांच गुना बढ़ा
- डिजिटल टेक्नोलॉजी, स्टार्टअप और इनोवेशन में भारत आगे
- गरीबी को मात देने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम की तारीफ की
- पेपर लीक को रोकने के लिए नया कानून लागू
- साइबर सुरक्षा को लेकर सरकार गंभीर
- देश में महिलाओं के बढ़ते प्रतिनिधित्व को भी सराहा।
- भारत के पास दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क



वक्फ संशोधन विधेयक इसी सत्र में सूचीबद्ध

### 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले

राष्ट्रपति के अनुसार सरकार के प्रयासों के कारण देश के 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने युवाओं की शिक्षा और उनके लिए रोज़गार के नए अवसर तैयार करने पर विशेष जोर दिया है। राष्ट्रपति ने आठवें वेतन आयोग के गठन का उल्लेख करते हुए कहा कि यह केंद्र सरकार के कर्मचारियों के वेतन में बड़ी वृद्धि का आधार बनेगा।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति से रोजगार के अवसर तैयार हो रहे

राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए आधुनिक शिक्षा प्रणाली तैयार कर रही है। सरकार ने युवाओं की शिक्षा और उनके लिए रोज़गार के नए अवसर तैयार करने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है। सहकारी क्षेत्र के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए उठाए गए विभिन्न कदमों के फलस्वरूप रोजगार के अनेक अवसर सृजित हो रहे हैं।

### आधुनिक और आत्मनिर्भर कृषि व्यवस्था पर दिया जोर

राष्ट्रपति ने साइबर सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार साइबर सुरक्षा में दक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर कार्यरत है। उन्होंने कहा कि भारत में आधुनिक और आत्मनिर्भर कृषि व्यवस्था हमारा लक्ष्य है। सरकार किसानों को फसलों का उचित दाम दिलाने और आय बढ़ाने के लिए समर्पित भाव से काम कर रही है।

## पीएम मोदी ने राष्ट्रपति के विकसित भारत के विजन की सराहना की



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संसद में दिए भाषण की सराहना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति का संबोधन एक मजबूत और विकसित भारत का विजन प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि उनका भाषण एक प्रेरणादायक रोडमैप दिखाता है जिससे भारत अपने लक्ष्यों को एकता और संकल्प के साथ हासिल कर सकता है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि राष्ट्रपति का भाषण युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और देश के विकास की दिशा में अहम संदेश देता है। उन्होंने राष्ट्रपति द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में की गई पहलों और सभी के विकास की प्रतिबद्धता की सराहना की। अपने संबोधन में राष्ट्रपति मुर्मू ने रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 'मेक इन इंडिया' अब 'मेक फॉर द वर्ल्ड' बन चुका है। साथ ही उन्होंने सरकार की आर्थिक प्रगति और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने की योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए सबका साथ, सबका विकास की नीति को दोहराया और कहा कि सरकार की प्राथमिकता हर व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने की है।

## सीतारमण के सामने कई समस्याएं

# भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास यात्रा को बनाए रखना 'चुनौती'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शनिवार को लगातार आठवीं बार बजट पेश करेंगी। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के लिए बजट 2025 कई मायनों में चुनौतीपूर्ण रहने वाला है। वैश्विक चुनौतियों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास यात्रा को बनाए रखना सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। दूसरी ओर, देश का आम आदमी बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और करों के बोझ से राहत की उम्मीद कर रहा है। हाल ही में भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी पड़ने के कारण वैश्विक निवेशकों की चिंता बढ़ी है। घरेलू शेयर बाजार में बीते कुछ महीनों के दौरान इस कारण लगातार गिरावट देखने को मिली है। रोजगार के मोर्चे पर भी इससे चुनौती बढ़ती है। लोगों को महंगाई की तुलना में मजदूरी नहीं मिल पा रही, जिससे उन्हें तमाम मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

### ये 5 मुद्दे महत्वपूर्ण

1. **महंगाई:** बीते कुछ महीनों में देश में महंगाई तेजी से बढ़ती है। खासकर खाने-पीने की चीजें, सब्जियों, खाद्य तेलों और दूध की कीमतों में इजाफा होने का असर सीधा आम आदमी की रसोई पर पड़ा है। खाद्य तेलों की कीमतों में बड़ा इजाफा दिखा। दूध की कीमतों में भी उत्पादन खर्च बढ़ने का हवाला देकर इजाफा किया गया, इससे भी लोगों पर भार बढ़ा।
2. **वृद्धि दर में सुस्ती:** कोरोना संकट के बाद वृद्धि दर का यह अनुमान सबसे कम है। जानकार मानते हैं कि 2024 में आम चुनावों के बाद आधारभूत ढांचे पर पूंजीगत खर्च में नरमी आने से देश की जीडीपी विकास दर प्रभावित हुई और आने वाले वर्ष में यह फिर से गति पकड़ सकती है। बजट में वित्त मंत्री की ओर से पूंजीगत व्यय के मार्चे पर ध्यान केंद्रित करने की उम्मीद है।
3. **रोजगार:** देश में पिछले कुछ महीनों में नए रोजगार के आंकड़े उम्मीद से कम रहे हैं। इस मोर्चे पर भी बजट 2025 में सीतारमण से ठोस उपायों की उम्मीद है। देश में बड़े पैमाने पर युवाओं की आबादी नौकरी के लिए संघर्ष कर रही है। सरकारी नौकरियों में उम्मीद के अनुरूप बहाली नहीं हो रही, निजी नौकरियों में मेहनत अधिक आमदनी कम वाली स्थिति है, जिससे युवा निराश हैं।
4. **वेतन में धीमी वृद्धि:** कॉरपोरेट जगत का मुनाफा बढ़ने के बाद बावजूद महंगाई के अनुपात में लोगों का वेतन नहीं बढ़ा है। उद्योग संगठन फिक्की और स्टाफ़िंग सॉल्यूशन कंपनी क्वेस कॉर्प की पड़ताल भी यही बताती है। 2019 से 2023 के बीच इंजीनियरिंग, विनिर्माण, प्रॉसेसिंग और बुनियादी ढांचा कंपनियों में महज 0.8 फीसदी की वेतन वृद्धि की गई है। एफएमसीजी कंपनियों के मामले में वेतन वृद्धि का आंकड़ा औसत रूप से 5.4 फीसदी रहा है।
5. **आयकर:** बीते कुछ सालों में देश के बजट में आयकर के मोर्चे पर लोगों को कोई खास राहत नहीं मिली है। बजट में इनकम टैक्स पर हर साल सरकार कुछ ऐलान करती है, पर करों के भारत से दबे आम आदमी खास नौकरीपेशा वर्ग को इससे कोई बड़ी राहत नहीं मिली है। इस बार बजट में कई संगठनों से सरकार से आयकर में छूट का दायरा बढ़ाकर 10 लाख रुपए करने की मांग की है।

## चुनाव नियमों पर विवाद के बीच सुप्रीम कोर्ट ने कहा

# जब तक निपटारा नहीं हो जाता मतदान के दौरान की वीडियो क्लिप संरक्षित रखी जाए

### जवाब देने के लिए चुनाव आयोग ने समय मांगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से मतदान की वीडियो क्लिप को संरक्षित रखने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने चुनाव नियमों पर विवाद पर कहा कि जब तक याचिकाओं का निपटारा नहीं हो जाता, तब तक मतदान की वीडियो क्लिप संरक्षित रखी जाएं। सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने इंदु प्रकाश सिंह की याचिका पर सुनवाई की। आयोग के हर विधानसभा में प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाताओं की संख्या 1200-1500 बढ़ाने का निर्देश दिया गया है।

### हलफनामा 3 सप्ताह के भीतर दाखिल करें



पीठ ने कहा कि हलफनामा 3 सप्ताह के भीतर दाखिल किया जाए। हम प्रतिवादी संख्या 1 को सीसीटीवी रिकॉर्डिंग को बनाए रखने का निर्देश देना उचित समझते हैं। सिंह ने कहा कि प्रति मतदान केंद्र मतदाताओं की संख्या बढ़ाने का निर्णय मनमाना है। यह किसी डेटा पर आधारित नहीं है।

### आमतौर पर इतना मतदान असंभव

उन्होंने कहा कि आम तौर पर चुनाव 11 घंटे तक चलते हैं और वोट डालने में 60 से 90 सेकंड का समय लगता है, इसलिए एक ईवीएम के साथ एक मतदान केंद्र पर एक दिन में 660 से 490 लोग वोट डाल सकते हैं। एक हजार वोट असंभव है।

## आईसीएआई के कार्यक्रम को संबोधित करते बोले रक्षा मंत्री

# प्रौद्योगिकी संचालित माहौल में नवाचारी के रूप में विकसित हों चार्टर्ड अकाउंटेंट: राजनाथ

▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा राजधानी में आयोजित वर्ल्ड फोरम ऑफ अकाउंटेंट्स के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने चार्टर्ड अकाउंटेंट्स से यह आग्रह किया कि उन्हें वर्तमान गतिशील और प्रौद्योगिकी संचालित वातावरण में प्रासंगिक बने रहने के लिए रणनीतिक सलाहकार, नैतिक संरक्षक और नवाचारी के रूप में विकसित होना चाहिए।

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि महत्वपूर्ण सोच, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और अनुकूलन क्षमता सहित कौशल का नया समूह आज के समय की एक अनिवार्य आवश्यकता है। तेजी से बढ़ती प्रौद्योगिकी संबंधी उन्नति को रेखांकित करते हुए राजनाथ ने कहा कि कॉरपोरेट परिदृश्य में एक समय पर बड़े और केंद्रीयकृत संगठनों का वर्चस्व था। इसे स्टार्टअप की




संख्या में बड़े उछाल से चुनौती मिली है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार अब एक हकीकत है। जहां संगठन बड़े और जटिल होते जा रहे हैं। इसी के परिणामस्वरूप सूचना का विस्फोट हो रहा है। यह कार्यक्रम तीन दिवसीय है।

### निरंतर नवाचार की बढ़ती मांग

उन्होंने कहा कि गतिशील वातावरण निरंतर नवाचार की मांग करता है। सूचना के प्रसंस्करण और विश्लेषण के पारंपरिक तरीकों को नवाचारों से चुनौती मिल रही है। इसका मतलब यह है कि अकाउंटेंट के रूप में आपको न केवल लगातार सीखने की जरूरत है बल्कि आगे रहने के लिए नवाचार और अनुकूलन भी जरूरी है। आप भरोसे के संरक्षक, जवाबदेही के द्वारपाल के साथ ही इस लगातार विकसित होती दुनिया में समृद्धि के परिरक्षक हैं।

### महज एक प्रतीक नहीं सीए का हस्ताक्षर

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत वैश्विक मंच पर एक उभरती हुई शक्ति है। भारतीय पेशेवरों का व्यवसाय और प्रतिष्ठा इस ओर काफी फल फूल रही है। सीए के लिए हस्ताक्षर केवल एक प्रतीक नहीं है। बल्कि विश्वास, अखंडता और व्यावसायिकता का प्रतिरूप भी है। जिसमें वित्तीय निर्णयों को प्रभावित करने, व्यवसायों को आकार देने और सभी के जीवन पर असर डालने की क्षमता है। किसी भी अकाउंटेंट के लिए भरोसेमंद, सच्चा देने और ईमानदारी बनाए रखना मौलिक व्यक्तिगत मूल्य हैं।

# The BC is the authority of social mobilization

- Former KUDA Chairman Sangam Reddy Sundar Raj Yadav
- Succeed the BC Political War Council



Warangal, 31 January : Former KUDA Chairman Sangam Reddy Sundar Raj Yadav has called for the success of the BC Political War Bharati Convention on February 2 at the Hanmakonda Arts College grounds, as part of the social mobilization of BCs. Speaking at a press conference on Friday at the Hanumakonda Arts College grounds, he said that the majority of BCs are dominated by minorities as minorities. He said the BC politicians in all parties are preparing for a collective struggle. He demanded the Congress government to implement the 42 per cent reservation in the Kamareddy Declaration not only to the local bodies but also for the assembly parliamentary seats. He demanded the abolition of this WS Pazivo 10 per cent of the top tier. He demanded the government to immediately declare fee reimbursement to students, as well as the implementation of the BC Atrocity Act in the same manner as the SC ST Atrocity. He criticized the government for allocating budget corporations for BCs with a population of 2 crore. He said that the House of BCs will be the same caste as a single caste caste through this House. Secunderabad Gymkhana Ground is preparing to form a huge open house with 15 lakh people in the House. DMK MP Wilson, RJD Lal Prasad Yadav's daughter, BC leaders R Krishnaiah, film actor Suman and Tinmar Mallanna are participating in the meeting on the 2nd. The meeting was attended by BC relatives Kishore Yadagiri Goud Puli Rajinikanth Shyam Mallesham Mani Naresh Srinivas Goud Aruna Surender Sivashankar Rajagopal.

# KCR has ruined real estate: Jagga Reddy

▶ KCR has become the seasonal opposition leader



Hyderabad: 31, January (Khaja Moinoddin): Jaggareddy congress committee working president criticized former cm telengana. He said that KCR has destroyed real estate before the elections KCR asked your Revanth to come to the assembly. The opposition leader should hold a meeting. But here it is the reverse. He is asking every party leader to come to the assembly. The speaker is also asking the same.You are in a farmhouse, you don't come out of your house whoever comes... should come to your house.You don't come to the assembly... should you bring the assembly to your house? If KCR hits, it will not be normal. What will you hit? The strength in words..is not in hands. Our workers get angry and say oops and it will be blown away. Are you insulting him by saying that people have hopes for gold..? They have insulted the people of Telangana.... Apologize to the people. Are the people that degraded..?KCR has become the seasonal opposition leader. If KCR holds a meeting with five lakh people. Is our CM Revanth less. We will hold a meeting with five lakh and one thousand people, If Rahul Gandhi holds a meeting, I will hold it, only if we hold a meeting with five lakh people...Become a Mogul as the opposition leader. If we hold a meeting with more people than you, we will make the Moguls feel like Moguls.

# Sammakka Sarakka Provide all facilities to the devotees coming to the fair

▶ Rahul is the PO of ITDA



Bhadradri Kothagudem Bureau ; Tribals are the most B. ITDA project officer that the concerned authorities should take special care to provide all kinds of accommodation facilities till the end of the fair without causing any inconvenience to the devotees who come from far away places to attend the Sammakka Saralamma fair. Rahul said. In his chamber on Friday, he directed the officials to make all the arrangements as the tribals of the village have asked to provide facilities to the families of special priests and devotees who will come for the Sammakka Sarakka fair, which is traditionally celebrated by tribals in Chirumallo next month in Karakagudem mandal.MPDO and Gram Panchayat to provide electricity facility, sanitation, fresh water facility, tents for devotees to rest, temporary camp for women to change clothes from Sammakka Saralamma Gaddela where the fair is held.

The EORWS officials should see to it that according to their instructions, the Devasthanam Committee should make proper arrangements for flooring and repairs, painting, ITDA DEE and AE around the stalls, and also the police department should see to it that the parking place & provision are made.

He said that medical camps should be set up on behalf of the medical department, temporary toilets and shower baths for baths should be fully surveyed by the RWS officials and arrangements should be made according to the devotees. He said that sanitation and fresh water facility should be made very strict and all kinds of medicines should be made available on behalf of the medical department. He said that all the officials should coordinate and work hard to make this week-long fair a success. Tasildar Nagaprasad, MPDO Devara Prasad, Electricity Department AD Venu, DE Madhukar, AE Yogesh and others participated in this programme.

# A Milestone in Telangana's Healthcare : Dr Kota Neelima




Hyderabad: Telangana is set to witness a major transformation in its healthcare infrastructure with the construction of a state-of-the-art 2,000-bed hospital. Chief Minister Revanth Reddy performed the groundbreaking ceremony and laid the foundation stone today, marking a significant step toward expanding healthcare services for the people of Telangana.

The new hospital, replacing the dilapidated Osmania General Hospital, will be constructed at Gosha Mahal Stadium, covering an area of 32 lakh square inches. Designed to meet modern standards set by the National Medical Commission (NMC) and Indian Public Health Standards (IPHS), the facility will feature a Sewage Treatment Plant (STP), an Effluent Treatment Plant (ETP), an advanced biomedical waste management system, and high-tech collection facilities.Dr. Kota Neelima, Congress in-charge of Sanathnagar, hailed this development as a revolutionary step in healthcare. "This hospital will be a leader in medical expertise, patient care, and sustainability. The Congress party is committed to providing advanced medical care to every citizen of Telangana, regardless of economic status, class, or religion," she stated.Dr. Neelima further elaborated on the hospital's cutting-edge facilities, including 29 major and 12 minor operation theaters, surgery units, robotic surgery capabilities, and a specialized transplant theater, all equipped with the latest surgical technology.

She emphasized that Congress is delivering on its commitment to public health through concrete actions, unlike the previous administration.This hospital is expected to set a new benchmark in healthcare delivery, ensuring quality medical services for Hyderabad and Telangana's residents.

## PICTALK



Sangareddy District January 31 : A great honor for 40 years of continuous service in the town of Patancheru Former sarpanch of Patancheru honored Ramulu Sattiah, who retired as a GHMC worker from the Gram Panchayat.MDR Foundation Chairman Devender Rajugaru, Prithviraj participated.

Sattiah, a tractor driver who has served the town of Patancheru for the last 40 years and Ramulu, who has rendered exemplary service in the irrigation department, were felicitated on the occasion of their retirement.

They were felicitated with a shawl at the MDR Foundation office on the occasion of their dedicated service during the last sarpanch of Patancheru town Devender Raju and appreciated their services. On this occasion, they are happy with family, He wished to live a healthy retirement life. He said that their services in the development of Patancheru town were unforgettable. As a tractor driver, Sattiah worked continuously in Gram Panchayat and later GHMC and played a vital role in urban cleanliness and maintenance of infrastructure.Ramulu, while working in the Irrigation Department, paid special attention to providing continuous water to the people of the town. He said that whenever there was a water problem anywhere in the town, they would solve it quickly.He praised that the then Gram Panchayat and GHMC employees were taking care of the town as much as a mother takes care of her children with immense dedication to public service. In recognition of their services, It is said that employees with service orientation are always recognized. Wished for a peaceful post-retirement life.

# Firasath Baqri under House Arrest for protest against Osmania General Hospital




Firasath Ali Baqri BJP Senior Leaders & Former Spokesperson Under House Arrest By Mirchowk Police to Prevent March for Bhoomi Pooja Ceremony - Laid Foundation Stone Of The New Osmania General Hospital Building At Goshamahal By Chief Minister of Telangana Shri A Revanth Reddy Ji. Mir Firasath Ali Baqri Former State Spokesperson said urged the government to build the hospital in the area behind the existing old Osmania General Hospital Afzal Gunj. The protest created a tense atmosphere, prompting heavy police deployment at the Goshamahal Stadium to ensure the Bhoomi Pooja without disruption.

# Declare economic emergency in Telangana: BJP

Hyderabad, Jan.31 Former MLA and BJP Telangana State vice-president N.V.S.S. Prabhakar today urged Governor of the State to declare economic emergency in the State by keeping in view of financial crisis.He said even though Telangana was formed as a rich State, the BRS party State government failed in governance in the last 10 years and pushed the State into a debt trap. "The State's financial situation has worsened due to the wrong financial decisions taken by the Congress government now. Misappropriation of expenses, political appointments and advertisements with public money worth crores of rupees led to this situation. In view of the current economic situation, there is an urgent need to declare a financial emergency in the State. We appeal to the Governor to take note of the State's financial situation and declare an economic emergency immediately," he said. He also said the matter would be taken up with the Union Finance Minister by their party.He claimed that the State government was unable to pay salaries to the employees as its coffers were running out of money and the State reached beyond the FRBM limit indicating the alarm bells.

# People are facing serious problems with Ash lorries

- Transporting ash with heavy loads is the cause of public illness and accidents
- Criticisms that the concerned department is acting indifferently as if they do not see it



Peddapalli, Jan 31: Passengers, people, motorists and people living in the houses on both sides of the road are facing severe problems due to overloaded NTPC ash moving trucks in Peddapalli district. Many accidents happen all the time.Without following the minimum norms, as ash is being transported in overloaded lorries, the ash in the lorries is scattered behind the lorry in the wind and heaps fall on the road as vehicles pass over it, suddenly the ash dust rises and accidents occur. Motorists, commuters as well as those living in the houses on both sides of the road are facing severe difficulties.From the NTPC ash pond, ash is regularly transported to Karimnagar, Hyderabad, Jagityala Warangal, Khammam, Nalgonda and other towns in hundreds of trucks with overload. There are no accusations that the relevant authorities are acting indifferently as if they are not seeing the lorries that are transporting ash with overloaded load.People are getting sick due to the speed of the lorries due to the overloaded lorries, the ash blown by the wind and inhaling it into the eyes and noses of those walking on the road. Motorists and passengers coming behind the lorries are confused and accidents are happening. Ash handling with heavy loads has become home to public health and accidents. People want the transport department authorities to take appropriate action against the trucks carrying ash with overload.

## पीसी पीएनडीटी एक्ट के अंतर्गत लिंग अनुपात सुधार बैठक का आयोजन

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नूंह, अभयसिंह सैनी।** पीसी पीएनडीटी एक्ट के अंतर्गत लिंग अनुपात सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आज कार्यालय सिविल सर्जन, नूंह में आयोजित की गई। इस बैठक में सिविल सर्जन डा. सर्वजीत थापर, उप सिविल सर्जन डा.आशीष सिंगलो वे जिला न्यायवादी, नूंह एवम अन्य संबंधित अधिकारियों ने बैठक में भाग लिया। उन्होंने बताया कि जिला नूंह में लिंग अनुपात 928 है जो कि समस्त राज्य हरियाणा में तीसरे स्थान पर है। लिंग अनुपात सुधार के लिए विभिन्न रणनीतियों पर चर्चा की जिनमें लिंग अनुपात सुधार के लिए सरकार की पहलों पर चर्चा , लिंग अनुपात में सुधार के लिए समाज में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर बल तथा लिंग अनुपात सुधार के लिए विभिन्न संगठनों और संस्थाओं के साथ सहयोग की आवश्यकता पर चर्चा हुई। सिविल सर्जन ने कहा कि लिंग अनुपात सुधार के लिए हमें समाज मं जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है। हमें लिंग अनुपात में सुधार के लिए मिलकर काम करना होगा। बैठक में लिंग अनुपात सुधार के लिए विभिन्न कार्ययोजनाओं पर चर्चा की गई। आगे की कार्रवाई के लिए एक समिति का गठन किया गया है जो लिंग अनुपात सुधार के लिए विभिन्न रणनीतियों पर काम करेगी एवम लिंग सुधार के लिए सभी आवश्यक कदम उठायेंगे।

## जेएमआईसी की कार्यशैली के प्रति अधिवक्ताओं में रोष

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** जिला अदालत में कार्यरत एक ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट की कार्यप्रणाली व अधिवक्ताओं के प्रति गलत व्यवहार को लेकर अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त होता जा रहा है। जिला बार एसोसिएशन ने बैठक कर जहां इस महिला ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट की शिकायत पंजाब एंड हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से करने व उक्त ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट की अदालत का बहिष्कार करने का प्रस्ताव पारित कर फैसला लिया है। जिला बार एसोसिएशन की बैठक में जहां सभी पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे, वहीं उन्होंने प्रस्ताव पारित कर ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट अंशुमन की अदालत का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। उनका कहना है कि जिला बार के पूर्व अध्यक्ष पर्वत सिंह ठाकरान और ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट के बीच किसी मामले को लेकर कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद में वरिष्ठ अधिवक्ताओं व जिला बार एसोसिएशन ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश के माध्यम से निपटाने का प्रयास किया था, लेकिन ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट ने उनके इस प्रयास को भी नजरअंदाज कर दिया था। इस सबको ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है। हालांकि जिला बार इसकी पक्षधर रही है कि न्यायाधीशों और अधिवक्ताओं में बेहतर सामंजस्य रहे। बार के सभी सदस्य सफेद पट्टी पहनकर अन्य अदालतों में पेश होकर अपना विरोध प्रदर्शित करेंगे।

## केजरीवाल पर साधा निशाना, बोले- यमुना नदी का पानी करवाएं टेस्ट, झूठ आएगा सामने

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**रोहतक।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को रोहतक के जाट कॉलेज के मैदान में पहुंचे। जहां उन्होंने दीनबंधु सर छोटू राम की 144वीं जयंती समारोह में शिरकत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सर छोटू राम के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का आयोजन जाट शिक्षण संस्था द्वारा किया गया, जहां मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया गया। समारोह में शिक्षा, कृषि और सामाजिक सुधारों में सर छोटू राम की भूमिका पर चर्चा की गई। रोहतक में शुक्रवार को जाट शिक्षण संस्था के प्रधान गुलाब सिंह धर्मान्तरण ने सीएम नायब सिंह सैनी का पगड़ी पहना कर स्वागत किया। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री और पूर्व सहकारिता मंत्री के साथ ही जाट शिक्षण संस्था से जुड़े 1500 से ज़्यादा प्रतिनिधि मौजूद हैं।

हरियाणा और दिल्ली में यमुना का पानी चेक करा लें, केजरीवाल का झूठ सामने आ जाएगाः सीएम नायब सैनी

मुख्यमंत्री नायब सैनी का कहना है कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 10 साल वोट लेने के बावजूद दिल्ली के लोगों को साफपानी नहीं पिला सके। अब अपनी नाकामी छुपाने के लिए झूठ बोल रहे हैं। उनके पास इसके पक्के सबूत हैं। मुख्यमंत्री शुक्रवार को जाट शिक्षण संस्था में आयोजित सर छोटूराम जन्मोत्सव कार्यक्रम के बाद मीडिया के सवालों का जवाब दे रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने यमुना के पानी की हरियाणा की सीमा में जांच करवाई है। दिल्ली के मुख्यमंत्री भी दिल्ली में यमुना के बह रहे पानी का टेस्ट करवाएं। फिर मिलान करें। उन्होंने कहा कि केजरीवाल झूठ बोलकर दिल्ली के लोगों को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने यमुना को साफकरवाने का वादा किया था, लेकिन अपना एसटीपी तक साफ नहीं करवा सके। हरियाणा पर आरोप लगाकर वे अपनी नाकामी से बच नहीं सकते। इससे पहले मुख्यमंत्री ने जाट शिक्षण संस्था को 31 लाख का अनुदान देने की घोषणा की। कहा कि अभी बजट खत्म होने को है। नया बजट पास होने के बाद फिर संस्था में आएंगे और संस्था की सभी मांगों को पूरा किया जाएगा। गर्ल्स हॉस्टल के भवन को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 करोड़ का बजट मंजूर करने के लिए पहले संस्था को 3 करोड़ रुपये जमा करवाने होंगे। ऐसा नियम मुझे बताया गया है। इसके बाद मंजूरी के लिए प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेज दिया जाएगा। इस मौके पर पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर व पार्टी नेता डॉक्टर आदित्य बतरा और जाट संस्था के गुलाब सिंह दिमाना भी मौजूद रहे।

अनिल विज पर टाल गए मुख्यमंत्री सवाल, बोले विज हमारे नेता

परिवहन मंत्री अनिल विज के किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की तरह आंदोलन के सवाल को मुख्यमंत्री ने टालते हुए कहा कि विज हमारे नेता हैं।

## जींद में परिवहन समिति बस क्यू शेल्टर में घुसी, सात यात्री घायल; एक रोहतक पीजीआई रेफर

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस



**जींद।** जींद के लोहचब बस अड्डे पर घने कोहरे के चलते परिवहन समिति बस क्यू शेल्टर में जा घुसी। जिसमें बस क्यू शेल्टर में खड़े तीन यात्रियों समेत दर्जनभर यात्री घायल हो गए। एक यात्री की गंभीर हालत देखते हुए पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। हादस दूसरी परिवहन समिति बस से भिडंत को बचाने के लिए हुआ। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। पानीपत से जींद आ रही परिवहन समिति की बस शुक्रवार सुबह जींद-सफीदो मार्ग पर गांव लोहचब बस अड्डे के क्यू शेल्टर में जा घुसी। जिसमें बस क्यू शेल्टर में इंतजार कर रहे गांव लोहचब निवासी चांदी राम (50), जिला धौलपुर राजस्थान निवासी नरेंद्र (25), उसका भतीजा संदीप (10) घायल हो गए। वहीं बस का चालक गांव अदयाना निवासी जोगेंद्र, परिचालक निखिल, यात्री गांव खेड़ी तलोडा निवासी सरिता, गांव रिटोली निवासा छात्रा अन्नू समेत दर्जनभर यात्री घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने चांदीराम की हालात गंभीर देख पीजाआई रोहतक रेफर कर दिया। बस चालक घायल जोगेंद्र ने बताया कि कोहरा बहुत ज्यादा था। बस की स्पीड भी कम थी। गांव लोहचब बस अड्डे पर सामने से दूसरी परिवहन समिति बस आ गई। भिडंत से बचाने के फेर में उसने कट मारा तो दूसरी बस की साइड पीछे जा लगी। जिससे बस अनियंत्रित होकर बस क्यू शैल्टर में जा घुसी। गनीमत यह रही कि किसी यात्री की जान नही गई। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

घना कोहरा बना आफ्त, सदृश्यता शून्य

पिछले एक पखवाड़े से कोहरा नहीं पड़ रहा था। शुक्रवार को दिन का आगाज घने कोहरे के साथ हुआ। हालात यहां तक रहे कि सदृश्यता शून्य रह गई। जिसके चलते वाहन चालको को काफी दिक्कत को सामना करना पड़ा। वाहन लाइट जला कर एक दूसरे के पीछे रेंगते दिखाई दिए। घने कोहरे से जनजीवन अस्तव्यस्त रहा।

# समाधान शिविर जनता की समस्याओं के समाधान के लिए हरियाणा सरकार की अच्छी पहल-नगराधीश अशोक कुमार

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नूंह, अभयसिंह सैनी।** जिला प्रशासन की ओर से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं पर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए उनका समाधान किया जा रहा है ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। शुक्रवार को नगराधीश अशोक कुमार ने जिला सचिवालय के कांफ्रेंस हॉल में नागरिकों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में कुल 08 शिकायतें प्राप्त हुई, समस्याओं के समाधान के लिए मौके पर उपस्थित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में 3 पुन्हाना, 1 फिरोजपुर-झिरका, 1 तावडू में तथा 03 शिकायत जिलास्तर पर प्राप्त हुई। शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि वह समय पर शिकायतों का समाधान करें। नगराधीश ने कहा कि राज्य सरकार व जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि आम नागरिकों की शिकायतों का तुरंत समाधान हो। ऐसे में अधिकारी आमजन की हर शिकायत को तय समय में निपटाएं। समाधान शिविर जनता की समस्याओं के समाधान के लिए हरियाणा सरकार की अच्छी पहल है। उन्होंने बताया कि आमजन की समस्याओं का समाधान के लिए प्रत्येक कार्यदिवस में जिला व उपमंडल स्तर पर सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। समाधान शिविर में आने वाले नागरिकों की समस्याओं का पंजीकरण करके संबंधित विभाग को समस्या का निवारण करने के निर्देश दिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि प्रशासन की प्राथमिकता होती है कि आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। समाधान शिविर में नागरिकों ने परिवार पहचान पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रोपर्टी आईडी,फसल बीमा योजना आदि से संबंधित शिकायतों सहित अन्य शिकायतें व समस्याएं समाधान के लिए रखीं।

## जंगल में ले जाकर सात साल की मासूम बच्ची से दुष्कर्म, बदहवास अवस्था में घर पर पहुंची पीड़ित

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**यमुनानगर।** यमुनानगर में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। एक व्यक्ति ने सात साल की मासूम बच्ची को चाऊमीन दिलाने के बहाने जंगल में लेकर जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद देर शाम को उसे बीच रास्ते में छोड़कर वहां से फरार हो गया। किसी तरह से बदहवास हालत में बच्ची अपने घर पर पहुंची। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामला थाना सदर यमुनानगर क्षेत्र का है। प्लाईवुड में काम करने वाली मजदूर महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पति रिक्शा चलाता है। जबकि, वह प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करती है। वीरवार को वह काम पर गई थी। जब वह देर शाम को घर पर वापस आई तो उसकी सात साल की बेटी घर पर नहीं मिली। जिसके बाद उसने अपने पति और अन्य पड़ोसियों के साथ मिलकर उसकी तलाश शुरू कर दी। लेकिन, उसका कोई पता नहीं चला। देर शाम को करीब सात बजे बच्ची बदहवास हालत में घर पर पहुंची। उसके कपड़े पूरी तरह से मिट्टी से गंदे हो रखे थे। परिजनों ने जब उससे बात की तो बच्ची ने बताया कि एक अंकल उसे किसी महिला का पता पूछने के बहाने अपने साथ ले गए थे। इसके बाद उसे चाऊमीन खिलाई और फिर जंगल में ले गया।

## हिसार, रोहतक समेत कई जिलों में छाया घना कोहरा, पश्चिमी विक्षोभ के कारण बदला मौसम

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**हरियाणा।** हरियाणा में कोहरा लौट आया है। रोहतक में शुक्रवार सुबह घना कोहरा छा गया। मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में बदलाव आया है। करीब 15 दिन से जहां दिन का तापमान 23 डिग्री तक पहुंच रहा था, जबकि रात का तापमान 11 डिग्री तक आ गया था। पश्चिमी से पूर्व की तरफहवा का रुख होने से मौसम बदलने लगा है। मौसम विभाग का कहना है कि दो दिन में बारिश होने की संभावना है। वहीं हिसार में भी शुक्रवार की सुबह घना कोहरा छाया रहा। एक लंबे अंतराल के बाद कोहरा दोबारा छाया है। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मदन खीचड़ ने बताया कि हरियाणा में 5 फरवरी तक मौसम आमतौर पर परिवर्तनशील बने रहने की संभावना है। लगातार दो पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से राज्य के मौसम में बदलाव की संभावना है।

## विश्व कुष्ठ रोग दिवस के उपलक्ष्य में हुआ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नूंह, अभयसिंह सैनी।** सिविल सर्जन सर्वजीत थापर के निर्देशानुसार विश्व कुष्ठ रोग दिवस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुष्ठ रोग एक संक्रामक रोग है। कुष्ठ रोग वैश्विक स्तर पर एक गंभीर समस्या रही है। इससे हमारा देश भी प्रमुख रूप से प्रभावित रहा है। हांलाकि इस बीमारी के बारे में बड़ी जागरूकता तथा उपचार की सहज उपलब्धता के चलते इसके मामलों में कमी आई है। उप सिविल सर्जन डा. प्रवीन तंवर ने बताया कि कुष्ठ रोग त्वचा, तंत्रिकाओं, सांस की नली और आंखों को प्रभावित करता है। कुष्ठ रोग के मुख्य लक्षणों में त्वचा पर विपरीत रूप से गांठ, घाव या उभार हो सकता है, जिसमें शारीरिक विकृति भी हो जाती है। यह बीमारी रोगी की नाक और मुंह से निकलने वाली बूंदों को सांस के माध्यम से फैलती है। कुष्ठ रोग का उपचार संभव है। आमतौर पर इसका इलाज 6 महीने से 1 साल तक चलता है। यह बीमारी हाथ मिलाने, गले लगने, भोजन साझा करने या एक दूसरे के बगल में बैठने से नहीं फैलती। कुष्ठ रोग के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर विश्व कुष्ठ रोग दिवस मनाया जाता है। उप सिविल सर्जन डा. प्रवीन तंवर ने कार्यक्रम में सभी कर्मचारी व अधिकारियों को शपथ दिलाई गई। कुष्ठ रोग को समाप्त करने के निर्देश दिए गए हैं। यह दिन कुष्ठ रोग के खिलाफवैश्विक लड़ाई में एक विशेष महत्व रखता है। विश्व कुष्ठ रोग दिवस 2025 का विषय शून्य कुष्ठ रोग, कलंक समाप्त और समान अधिकार सुनिश्चित करना है। स्वास्थ्य विभाग 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान को सभी स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से चलाएगा। इस दौरान विशेष टीमें संदिग्ध कुष्ठ रोगियों की जांच के लिए झुग्गी, बस्तियों, फैक्ट्रियों व कंस्ट्रक्शन एरिया में भ्रमण करेंगी। एक जुट हो जाओ काम करो खत्म करो थीम पर जिले में आज विश्व कुष्ठ रोग दिवस मनाया गया। इसका उद्देश्य कुष्ठ रोग के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। इससे प्रभावित व्यक्तियों के सामने आने वाली चुनौतियों को उजागर करना और रोग को खत्म करने के लिए प्रेरित करने का है।

## सूर्य नमस्कार सिर से लेकर पैर तक शरीर के सभी अंगो को बहुत करता है लाभान्वित: डा. यशबीर गहलावत

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नूंह, अभयसिंह सैनी।** आयुष विभाग नूंह तथा हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वाधान में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. यशबीर गहलावत के निर्देशानुसार 12 फरवरी तक सूर्य नमस्कार अभियान चलाया जा रहा है। आयुष विभाग द्वारा सूर्य नमस्कार के जिला व ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। जिसके तहत जिले भर के सभी शिक्षण संस्थानों, व्यायाशालाओं, औषधालयों, व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सूर्यनमस्कार के कार्यक्रम किए जा रहे हैं। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. यशबीर गहलावत ने बताया कि सूर्य नमस्कार से हृदय, यकृत, आँत, पेट, छाती, गला, पैर शरीर के सभी अंगो के लिए बहुत से लाभ हैं। सूर्य नमस्कार सिर से लेकर पैर तक शरीर के सभी अंगो को बहुत लाभान्वित करता है। सूर्य नमस्कार 12 आसनों का एक व्यायाम है। इसके अलग.अलग आसनए शरीर के अलग.अलग अंगों पर अपना प्रभाव डालते हैं। जब हम एक आसन से दूसरे आसन में जाते हैं तो व्यायाम की निरंतरता बनी रहती है और हमारे शरीर के सभी अंगों में लचीलापन और मजबूती आती है। प्रतिदिन सूर्य नमस्कार करने से शरीर में अकडन् नहीं रहती और हम अधिक लचीला अनुभव करते हैं।

## पंजाबी भाषा की प्रसिद्ध साहित्यकार रही दलीप कौर तिवानाः जौहरी

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** पंजाबी साहित्यकार दलीप कौर तिवाना को उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए शिक्षाविद् संदीप जौहरी ने कहा कि दलीप कौर तिवाना का जन्म 4 मई 1935 को पंजाब के लुधियाना में हुआ था। शिक्षा के बाद उनकी रुचि पंजाबी भाषा को समुचित स्थान दिलाने में थी। उन्होंने पंजाबी भाषा में साहित्य की रचना की। पंजाबी भाषा की झोली में 2 दर्जन से अधिक उपन्यास, अनेक कहानी संग्रह, कई आलोचनात्मक पुस्तकें, एक आत्मकथा 'नंगे पैरों का सफ़र' तथा एक साहित्यिक स्व-जीवनी 'पूछते हो तो सुनो' डाली हैं। उनकी अनेक रचनाएं कई भाषाओं में अनुदित होकर लोकप्रिय हो चुकी हैं। वह पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला में प्रोफ़ेसर रहीं और अपने पंजाबी साहित्य लेखन के लिए सरस्वती सम्मान से सम्मानित साहित्यकार थीं। जौहरी ने कहा कि साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें पद्मश्री, साहित्य अकादमी पुरुस्कार, सरस्वती सम्मान से सम्मानित किया गया। 84 वर्ष की आयु में 31 जनवरी 2020 को उनका मोहाली में निधन हो गया। जौहरी ने साहित्य के क्षेत्र में कार्य कर रहे युवाओं से आग्रह किया कि वे दलीप कौर तिवाना के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें, उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी।

# महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए दी जाएगी ड्रोन की ट्रेनिंग: अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस



**नूंह, अभयसिंह सैनी।** जिला की ग्रामीण अंचल की नारी शक्ति को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से कियान्वित ष्ड्रोन दीदीष् योजना की आज अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह ने लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय मे समीक्षा की। एडीसी प्रदीप सिंह मलिक ने योजना की प्रगति से जुडी विस्तृत जानकारी लेने उपरान्त कहा कि प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक रूप से सम्पन्न बनाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा निर्देश में यह सार्थक अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में संबंधित विभाग योजना के शत प्रतिशत लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए धरातल पर गंभीरता से कार्य करे। एडीसी ने कहा कि योजना के तहत सभी ग्रामीण महिलाएं जो हरियाणा निवासी है, जिनकी आंयु 18 से 40 के बीच है। इसके अतिरिक्त महिला दसवीं पास व स्वयं सहायता समूह की सदस्य होना अनिवार्य है। एडीसी ने कहा कि सभी सदस्यों का रजिस्ट्रेशन करके हरियाणा कौशल विकास मिशन द्वारा ट्रेनिंग दिलवाई जायेगी व उसके पश्चात उन्हें ड्रोन दिया जायेगा। जिसके माध्यम से उनकी आजीविका को बढावा मिलेगा। उक्त योजना से संबंतधित अधिक जानकारी के लिए स्कीम के नॉडल अधिकारी असरी के मोबाईल नम्बर 9466282821 पर प्राप्त कर सकते हैं। उक्त स्कीम में रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 15 फरवरी है। इस मौके पर जिले मे स्थित सभी सरकारी कॉलेज व आईटीआई प्राचार्य, निदेशक मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज पल्ला, उप निदेशक कृषि विभाग, प्राचार्य यासीन मेव डिग्री कॉलेज नूंह बैठक मे विशेष रूप से मौजूद रहे।

## किशोरी से दुराचार करने के दोषी को 20 साल की सजा, मां ने 5 मई, 2023 में दर्ज कराया था मुकदमा

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**सोनीपत।** सोनीपत की अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र ने किशोरी से दुराचार करने के मामले में सुनवाई करते हुए दोषी को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। दोषी पर 60 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना राशि में से 50 हजार रुपये पीड़िता को देने के आदेश किए हैं। मूलरूप से उत्तर प्रदेश व घटना के समय खरखौदा थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला ने 5 मई, 2023 को पुलिस को बताया था कि उनकी बेटी 4 मई, 2023 को लापता हो गई। उन्होंने अज्ञात पर 16 वर्षीय बेटी को बहकाकर ले जाने का आरोप लगाया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस जांच में पता लगा था कि मूलरूप से छत्तीसगढ़ के जांजिर चापा के गांव गोपालपुर के कुसमुल का रहने वाला डॉक्टर नीरी किशोरी का बहकाकर ले गया था। वह खरखौदा थाना क्षेत्र में किशोरी के पड़ोस में ही रहता था। आरोपी ने किशोरी को खरखौदा बस स्टैंड से अपने परिचित के साथ भेज दिया था। आरोपी ने उसे कहा था कि वह किशोरी से शादी कर लेगा। जिस पर पुलिस ने छत्तीसगढ़ से किशोरी को बरामद कर लिया था। आरोपी डॉक्टर नीरी व उसके परिचित को गिरफ्तार कर लिया था। किशोरी के अदालत में बयान दर्ज कराए थे। तब पता लगा था कि आरोपी डाक्टर नीरी उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ दुराचार कर चुका है। पुलिस ने दुष्कर्म व 6 पॉक्सो एक्ट जोड़ दिया था। आरोपी ने किशोरी को अपनी झोपड़ी में ले जाकर दुराचार किया था।

## कैथल में रविदास जयंती मनाने को लेकर दो पक्षों में विवाद, पथराव में पांच महिलाएं घायल; दो गिरफ्तार

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**कैथल।** कैथल के बलराज नगर में वीरवार को संत रविदास जयंती के कार्यक्रम को लेकर की जा रही तैयारियों के बीच दो पक्षों में विवाद हो गया। इसमें पांच महिलाएं घायल हो गई। गंभीर रूप से घायल कविता व लाजवंती को कैथल के जिला नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। थाना सिविल लाइन पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है। पुलिस पूरे मामले की जांच करने में जुटी हुई है। बलराज नगर में वीरवार शाम को रविदास जयंती के उपलक्ष में सत्संग हो रहा था और पालकी की तैयारी चल रही थी। इस बीच कुछ युवकों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। दोनों पक्षों में पथराव शुरू हो गया और पांच महिलाएं घायल हो गई। दोनों पक्ष एक ही समुदाय के बताए जाते हैं। फिलहाल इलाके में माहौल सामान्य है। आंबेडकर सभा के प्रधान जगदीश चंद्र के अनुसार कुछ शरारती तत्वों ने जानबूझकर विवाद खड़ा किया और दलित समाज को सत्संग करने से रोकने का प्रयास किया। सभा के प्रतिनिधियों ने इस सिलसिले में डीसी और एसपी से मुलाकात कर अपनी शिकायत दी है।

# जजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला महेंद्र सिहाग के निधन पर शोक व्यक्त करने उनके पैतृक गांव पहुंचे।

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**सिरसा, (संदीप सैनी)।** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला जजपा वरिष्ठ नेता ओ पी सिहाग के छोटे भाई महेंद्र सिहाग के असामयिक निधन पर शोक व्यक्त करने तथा दुःख की इस घड़ी में सिहाग परिवार का ढाढस बढ़ाने उनके पैतृक गांव कुम्हारिया पहुँचे। उनके साथ जजपा सिरसा के वरिष्ठ नेता सुरिन्दर बेनीवाल, मंदर सिहाग, अनिल कासनिया, हनुमान कासनिया,शान्तनु गोदारा उपस्थित थे। अजय सिंह चौटाला ने कहा कि महेंद्र उनके छोटे भाई की तरह था तथा एक खुश मिजाज युवा था। उसकी कमी हम सब को हमेशा खलेगी। उनकी छोटी उम्र में देहांत होने पर उनको बहुत दुःख पहुँचा है । उन्होंने परम पिता परमात्मा से दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की। उल्लेखनीय है कि 29 जनवरी को महेंद्र सिहाग का कैंसर की बीमारी के कारण पंचकुला में देहांत हो गया था। महेंद्र एक बहुत ही खुश मिजाज सफल व्यवसायी थे तथा पिछले काफी सालों से पंचकूला में रह रहे थे। उन्होंने अपने बिजनेस के साथ एल एल बी की डिग्री प्राप्त कर हाल ही में पंजाब एवं हरियाणा बार कौंसिल से वकालत के लिए रजिस्ट्रेशन कारवाई थी। उनके इस प्रकार जाने का आघात असहनीय है। भगवान दिवंगत आत्मा को अपने चरणोंम स्थान दें।



## सुहाग व संतान की दीर्घायु के लिए आज महिलाएं रखेंगी गौरी तृतीया का व्रत

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** भारत देश पर्वों का देश कहा जाता है। प्रतिदिन कोई न कोई पर्व विभिन्न समुदायों के मनाए जाते रहे हैं। हिंदू समुदाय में पर्वो की संख्या असंख्य है। माघ माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को तीज की तरह की मनाया जाता है। यह पर्व आज शनिवार को महिलाएं अपने सुहाग और संतान की दीर्घायु के लिए व्रत रखकर मनाएंगी। कन्याएं भी अच्छे पति की कामना के लिए यह व्रत रखती हैं। गुरुग्राम के शीतला माता मंदिर में भी जाकर पूजा-अर्चना करती हैं। शीतला माता मंदिर का प्रबंधन में सहयोग कर रहे अजय शर्मा का कहना है कि शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को भगवान शंकर और देवी सती का विवाह हुआ था। ऐसे में उत्तम सौभाग्य की कृपा प्राप्त करने के लिए व्रत किया जाता है। इस संबंध में पुराणों में उल्लेख मिलता है कि मां पार्वती ने घोर तपस्या की थी जिसके बाद ही उन्हें शिवजी पति के रूप में प्राप्त हुए थे। उनका कहना है कि व्रतधारियों को नित्यकर्मो से निवृत होकर देवी सती की पूजा करनी चाहिए और उनके साथ भगवान शंकर की पूजा का भी विधान है। उनकी प्रतिमाओं को पंचगव्य तथा चंदन निर्मित जल से स्नान कराना चाहिए। उनका कहना है कि विघ्नहर्ता गणेश जी की भी पूजा करने से पुण्य मिलता है। व्रतधारी वृद्ध महिलाओं से गौरी तृतीया की कथा भी सुनती हैं। इस दिन शीतला माता का आशीर्वाद लेने के लिए भी महिलाएं दूरदराज क्षेत्रों से आती हैं। शीतला माता प्रबंधन ने श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो, इसकी पूरी व्यवस्था की हुई है।

## सुबह-शाम सता रही शीतलहर, दिन में धूप से मिली राहत

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**कुरुक्षेत्र।** मौसम में बदलाव जारी है। सुबह-शाम की सर्दी और दिन में होने वाली धूप लोगों की सेहत पर विपरीत असर डाल रही है। उधर मौसम विभाग के मुताबिक अगले कुछ दिनों तक मौसम इसी तरह बना रहेगा। न्यूनतम और अधिकतम तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। वीरवार को न्यूनतम तापमान नौ डिग्री और अधिकतम 22.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि शुक्रवार को न्यूनतम अधिकतम तापमान 22.1 और न्यूनतम तापमान 11.1 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान शुक्रवार को सुबह नौ बजे से ही धूप निकल आई, जिससे बाजार में चहल-पहल बढ़ी। लोग धूप का आनंद लेते नजर आए। पार्कों में बच्चों और बुजुर्गों की संख्या बढ़ी। जैसे ही शाम हुई तो तापमान गिरने लगा और सर्दी बढ़ गई।

# रेवाड़ी पुलिस की कार्रवाई, साइबर धोखाधड़ी के दो मामलों में दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी में थाना साइबर क्राइम पुलिस ने धोखाधड़ी के दो अलग-2 मामलों में कुल दो आरोपियों को गिरफ्तार है। पहले मामले में थाना साइबर क्राइम पुलिस ने व्हाट्सएप के माध्यम से करोबार में पैसा लगाने के नाम पर करीब 13.40 लाख रुपये हड़पने के मामले में दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के जिला शाहजहांपुर के गांव भौपतपुर निवासी हरविन्द्र सिंह के रूप में हुई है। मामले में पुलिस एक आरोपी दिल्ली के कुसल हेरनकी निवासी विकास को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। दरअसल, शुक्रपुरा निवासी ईश्वर ने 2 मई 2024 को पुलिस में शिकायत दी थी कि उसने मोबाइल पर इंस्टाग्राम ऐप पर एक पोस्ट देखी और उसे पोस्ट पर क्लिक करके कारोबार के सिलसिले में ज्वाइन हो गया। इस दौरान वह व्हाटसअप ग्रुप के संपर्क में लगातार रहा और फोकस करता रहा। वहीं, ग्रुप के एडमिन ने उसे वीई नोट ग्रुप 556 नामक अन्य व्हाट्सएप ग्रुप में एड कर लिया। इसके बाद जालसाजों द्वारा भेजे गए लिंक पर शामिल होने उपरांत शिकायतकर्ता ने भेजे गए लिंक को अपने मोबाइल फेन से इंस्टॉल करके शामिल हो गया। जालसाजों ने कारोबार में अधिक मुनाफे का झांसा देकर अपने खातों में धोखाधड़ी करके करीब 13.40 लाख रुपये शिकायतकर्ता से डलवा लिए, जिस पर साइबर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मामले में संलिप्त एक आरोपी विकास को पहले गिरफ्तार कर लिया था।

# मौन रखकर दी श्रद्धांजलि

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस



**गुडग़ांव।** प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन चल रहा है, जिसमें प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान कर पुण्य लाभ ले रहे हैं। सामाजिक संस्था डा. राजेंद्र प्रसाद फाउण्डेशन द्वारा राम विहार क्षेत्र स्थित स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन कर मौनी अमावस्या पर प्रयागराज में हुई भगदड़ में मारे गए श्रद्धालुओं को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र, शिक्षक-शिक्षिकाएं व संस्था के सदस्य शामिल हुए। संस्था के अध्यक्ष राजेश पटेल व कुंदन गुप्ता ने कहा कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान करने के लिए देश ही नहीं, अपितु विश्व के विभिन्न देशों से प्रयागराज पहुंच रहे हैं। मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं के साथ हुई दुर्घटना बहुत दुखद है। उन्होंने ईश्वर से कामना की कि परमपिता परमात्मा दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और घायलों को शीघ्र स्वस्थ्य करें। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में हिमांशु, आर्यन, लक्की, यश तोमर, मनीष, नीरज, स्नेहा, शगुन, खुशी, प्रतिभा, गुंजन, दीप्ति, पूनम, राहुल, धर्मवीर, शमाआलम, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# कोर्ट में लंबित मामलों को समाधान शिविर में ना लाया जाए- उपायुक्त

**■ 15 शिकायतों की सुनवाई की उपायुक्त ने, कार्रवाई के निर्देश दिए**

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुरुग्राम, मोहित सैनी।** लघु सचिवालय परिसर में आयोजित किए गए समाधान शिविर में आज उपायुक्त अजय कुमार ने नागरिकों की शिकायतें सुनकर उनका मौके पर समाधान करवाया। इस अवसर पर पुलिस, शिक्षा, एचएसवीपी, जीएमडीए, राजस्व आदि विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। समाधान शिविर में कुल 15 शिकायतें उपायुक्त के समक्ष रखी गई। जिनमें फौरन कार्रवाई के निर्देश दे दिए गए हैं। मारुति उद्योग से निष्कासित श्रमिक एसडीएम मानेसर कार्यालय के समक्ष फिर से रोजगार दिलवाने की मांग को लेकर धरने पर बैठे हुए हैं। इन्होंने उपायुक्त से अनुरोध किया कि उन्हें मारुति में अब दोबारा रोजगार दिलवाया जाए। उनका मामला श्रम न्यायालय में विचाराधीन है। उपायुक्त ने कहा कि इस मामले में अब कोर्ट का फैसला जो भी होगा, उसे लागू किया जाएगा। जिला स्तर पर इस विषय का कोई समाधान नहीं है। गांव हरिनगर डूमा के प्रताप सिंह ने शिकायत रखी कि उनके गांव में सरकारी स्कूल की जमीन पर सामुदायिक भवन का निर्माण करवाया जा रहा है। यह मैदान बच्चों के खेलने के लिए है। अतएव इसे कहीं और बनाया जाए। उपायुक्त ने पटौदी के एसडीएम को इस मामले का अवलोकन करने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि समाधान शिविर में जिला प्रशासन से जुड़े विभागों से संबंधित शिकायतों का ही निवारण किया जा सकता है। जो मामला एक बार न्यायालय में चला गया है या फिर जिसका निर्णय कोर्ट में ही हो सकता है, ऐसी शिकायतों को शिविर में ना लाया जाए। उसका समाधान कोर्ट से ही हो सकता है। इस अवसर पर तहसीलदार शिक्षा गर्ग, एसीपी सुशीला देवी, सदर कानूनगो गुलाब सिंह, कर्मवीर, एसडीओ अजमेर सिंह इत्यादि मौजूद रहे।



# मरणोपरांत परमवीर चक्र पाने वाले प्रथम सैन्य अधिकारी थे मेजर सोमनाथ शर्मा: अरुण शर्मा

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुड़गांव।** कुमाऊँ रेजिमेंट की चौथी बटालियन की डेल्टा कंपनी के कंपनी-कमाण्डर मेजर सोमनाथ शर्मा की जयंती पर कई संस्थाओं व ब्राह्मण समाज के लोगों ने उन्हें याद किया। ब्राह्मण समाज के अजय शर्मा, पीपी शर्मा, सत्यदेव शर्मा, अश्विनी, अंकित, अरुण शर्मा एडवोकेट, आरडी शर्मा ने उन्हें याद करते हुए कहा कि वर्ष 1947 में अक्टूबर-नवम्बर के दौरान भारत-पाक संघर्ष में उन्होंने भाग लिया था और 3 नवम्बर 1947 को श्रीनगर विमान क्षेत्र से पाकिस्तानी घुसपैठियों को खदेड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हो गए थे। युद्ध क्षेत्र में उनके इस साहस के कारण उन्हें मरणोपरान्त परमवीर चक्र भी मिला था। परमवीर चक्र पाने वाले वह प्रथम सैन्य अधिकारी थे। उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उनका जन्म 31 जनवरी 1923 को कांगड़ा में हुआ था। उनके पिता अमरनाथ शर्मा भी सेना अधिकारी थे। उनके परिजनों ने भी भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दी हैं। उनके छोटे भाई विश्वनाथ शर्मा भारतीय सेना के 14वें सेनाध्यक्ष थे। सोमनाथ शर्मा ने देहरादून के प्रिन्स ऑफ वेल्स रॉयल मिलिट्री कॉलेज से सैन्य शिक्षा ली थी। उनकी नियुक्ति तत्कालीन ब्रिटिश भारतीय सेना की 19वीं हैदराबाद रेजिमेन्ट की 8वीं बटालियन में हुई, जोकि बाद में भारतीय सेना के चौथी बटालियन, कुमाऊं रेजिमेंट के नाम से जानी जाने लगी। उन्होंने बर्मा में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापानी सेना के विरुद्ध लड़ाई लड़ी थी। वक्ताओं ने कहा कि उन्हें सबसे बड़ी श्रद्धांजलि यही होगी कि उनके दिखाए रास्ते पर सभी चलें।

# छात्रों को वितरित की पाठ्य सामग्री व स्कूल बैग

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** सामाजिक संस्था चिराग वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा सैक्टर 9 क्षेत्र स्थित सामुदायिक केंद्र में जरुरतमंद व बेसहारा परिवारों के बच्चों के लिए संचालित स्कूल में छात्रों को बैंक ऑफबडौदा की मुख्य प्रबंधक मीनाक्षी, प्रबंधक महेंद्र यादव व निधि यादव द्वारा स्कूल बैग व पाठ्य सामग्री भी वितरित की गई। इस



अवसर पर संस्था के अध्यक्ष अतर सिंह संधू, पुष्पा धनखड़ व प्रेमप्रकाश मेहता ने बैंक ऑफबडौदा प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि उनके इस कार्य से जहां संस्था को सहयोग मिला है, वहीं छात्र अपनी शिक्षा मन लगाकर कर सकेंगे। विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता छात्रों को पुरुस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक-शिक्षिका, समाजसेवी व गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

# गुरूग्राम से प्रयागराज के लिए सीधी बस सेवा 1फरवरी से, बस अड्डे पर ऑफ्लाइन मोड से करानी होगी बुकिंग

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुरुग्राम, मोहित सैनी।** गुरुग्राम से प्रयागराज महाकुंभ मेले में जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए अच्छी खबर है। हरियाणा परिवहन विभाग ने गुरुग्राम में श्रद्धालुओं की मांग को देखते हुए गुरुग्राम से प्रयागराज के लिए सीधी बस सेवा शुरू की है। इससे गुरुग्राम जिले के लोग भी सीधा रोडवेज बस से महाकुंभ मेले में जा सकेंगे। बस संचालन को लेकर रूट और किराया भी तय कर दिया गया है। हरियाणा रोडवेज गुरुग्राम के महाप्रबंधक प्रदीप अहलावत ने बताया कि एक फरवरी से यह सेवा शुरू की जा रही है। जिसमें प्रतिदिन गुरुग्राम बस अड्डे से साधारण श्रेणी की बस रोजाना गुरुग्राम डिपो से शाम 6 बजे प्रयागराज के लिए रवाना होगी व अगले दिन सुबह 5 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। श्रद्धालु आराम से संगम में डुबकी लगाकर इसी बस से वापस भी लौट सकते हैं। वापसी में यह बस निर्धारित पार्किंग स्थल से पुनः शाम 6 बजे गुरुग्राम के लिए रवाना होगी। गुरुग्राम से प्रयागराज का एक तरफका किराया 955/- रुपये निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि बस यात्रा के लिए गुरूग्राम बस अड्डे पर स्थित ट्रैफिक शाखा में ऑफ्लाइन मोड यानी फिजिकल मोड में बुकिंग शुरू की गई है।

# अभिनेता केएन सिंह ने फिल्म जगत में आने के लिए किया था बड़ा संघर्ष: राज चौहान

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** चरित्र अभिनेता केएन सिंह की पुण्यतिथि पर फिल्म जगत से जुड़े कलाकारों ने उन्हें याद किया। गुडग़ांव के फिल्म अभिनेता राज चौहान ने कहा कि उनका जन्म देहरादून में जाने माने वकील चंडीदास के घर एक सितम्बर 1908 को हुआ था। उनके पिता उन्हें वकील बनाना चाहते थे, लेकिन अप्रत्याशित घटना चक्र उन्हें फिल्म उद्योग ले आया। मंझे हुए अभिनय के बल पर केएन सिंह न केवल एक चरित्र अभिनेता बने, अपितु उन्होंने अपने आपको विलेन के रूप में स्थापित हुए। फिल्म जगत तक पहुंचने के लिए उन्हें बड़ा संघर्ष भी करना पड़ा। जीवन में कई उतार-चढ़ाव आए। लेकिन उन्होंने कभी भी हार नहीं मानी। राज का कहना है कि उन्होंने जो भी कोई कारोबार फिल्म जगत में आने से पहले शुरु किया, उसमें उन्हें घाटा ही घाटा रहा, लेकिन फिल्मों में आने के बाद उन्होंने कभी भी पीछे मुडक़र नहीं देखा और उनकी आज भी कई यादगार फिल्में दर्शकों के जेहन में हैं। अपने समय के सफल चरित्र अभिनेता माने जाते थे। उनका निधन 31 जनवरी 2000 को हुआ था। राज ने फिल्म जगत में भाग्य आजमाने वाले युवा कलाकारों से आग्रह किया है कि वे अभिनेता केएन सिंह के संघर्ष से शिक्षा ग्रहण कर अपना कैरियर बनाएं। यही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# नारायण पीठ इंछापुरी का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ

- **कलश यात्रा, हवन यज्ञ, रुद्राभिषेक और भजनों की गूंज से भक्तिमय हुआ माहौल**
- **आरएसएस प्रदेश प्रांत सरसंचालक प्रताप सिंह, बीजेपी प्रदेश सचिव गार्गी कक्कड़ और पूर्व विधायक सत्यप्रकाश जरावता भी पहुंचे नारायण पीठ इंछापुरी**
- **हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे में किया प्रसाद ग्रहण**

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**पटौदी, (सैनी)।** दत्तात्रेय विश्वास्थ गादी नारायण पीठ इंछापुरी का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आरएसएस के हरियाणा प्रांत सरसंचालक प्रताप सिंह, बीजेपी प्रदेश सचिव गार्गी कक्कड़ और बीजेपी एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक सत्यप्रकाश जरावता, नरेंद्र पहाड़ी, राकेश सरपंच, महामंडलेश्वर राजेंद्र देव, अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष संत सुरक्षा मिशन महामंडलेश्वर किस्मत गिरी महाराज, निगम पार्षद मनीष वजीराबाद व वरिष्ठ अधिवक्ता रामानंद यादव सहित अन्य प्रमुख लोगों ने वार्षिकोत्सव में देव पूजा अर्चना व अनुष्ठान में भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। वार्षिक उत्सव में सैकड़ों



महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में मंगल गीत गाते हुए सर पर कलश उठाकर श्रद्धा भाव से भव्य कलश यात्रा निकाली। यात्रा में अनेक देवी देवताओं की मनोहारी झाकियां और डीजे पर गूंजती भजनों की स्वर लहरियों से गांव इंछापुरी का माहौल भक्तिमय हो गया। आरएसएस प्रांत सरसंचालक प्रताप सिंह ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से सनातन संस्कृति का प्रचार प्रसार होता है। मंदिर की दिव्यता देखते ही बनती है। श्रद्धालु दूर दूर से अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए यहां आते है।

# मोटा अनाज खाने में पौष्टिक है और इसकी खेती भी लाभकारी है: बिमला चौधरी

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**पटौदी, (सैनी)।** भाजपा विधायक बिमला चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों के लिए कई लाभकारी योजनाएं बनाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाजरे का समर्थन मूल्य बढ़ाकर सराहनीय कार्य किया है। इससे क्षेत्र के किसानों को लाभ मिला है। वें शुक्रवार को जाटोली मंडी में मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किसान मेले को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थी।



विधायक बिमला चौधरी ने कहा कि जहां मोटा अनाज खाने में पौष्टिक है वहीं खेती करने में भी लाभकारी है। उन्होंने धान की खेती करने वाले क्षेत्रों में भी मोटे अनाज के फायदे बताने के लिए कृषि अधिकारियों को किसान मेला आयोजित करने के दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अनेक वक्ताओं ने प्राकृतिक तरीकों से खेती करने। रसायनिक खाद और कीटनाशकों का बहुत कम प्रयोग करने की बात कही। इस अवसर पर कृषि विभाग के उपनिदेशक डा.अनिल कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र शिकोहपुर की सीनियर कंसलटेंट डा.अनामिका, जिला पार्षद यशपाल फरीदपुर व किसान क्लब के अध्यक्ष राव मानसिंह सहित अन्य प्रमुख लोग उपस्थित थे।

# आधुनिक बिहार का निर्माता माना जाता है बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डा. श्रीकृष्ण सिंह को: राजेश पटेल

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** अविभजित बिहार के विकास में स्वतंत्रता सेनानी बिहार केसरी डा. श्रीकृष्ण सिंह के जनकल्याणकारी कार्यों को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में भी बढ़-चढक़र भाग लिया था और कई बार जेल यात्राएं भी की थी। गुडग़ांव में निवास कर रहे बिहार मूल के लोगों का प्रतिनिधित्व करने वाली सामाजिक संस्था डा. राजेंद्र प्रसाद फाउण्डेशन के अध्यक्ष राजेश पटेल ने उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए कहा कि वह अखंड बिहार प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री भी रहे थे। उनका जन्म 21 अक्तूबर 1887 को बिहार के नवादा जिले में हुआ था। बिहार के विकास में उनके अतुलनीय, अद्वितीय व अविस्मरणीय योगदान के लिए उन्हें आधुनिक बिहार के निर्माता के रुप में जाना जाता है। उन्होंने गांधी जी के सविनय अवज्ञा आंदोलन में सावरमती आश्रम से करीब 340 किलोमीटर की पदयात्रा कर दांडी में अंग्रेजी हुकूमत के नमक कानून को भंग किया था। उन्होंने अपने मुख्यमंत्रित्व काल में उद्योग, कृषि, शिक्षा, सिचाई, स्वास्थ्य, कला व सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए थे। देश की पहली रिफाइनरी बरौनी ऑयल रिफाइनी, पहला खाद कारखाना, सिंधरी व बरौनी, रासायनिक कारखाना, एशिया का सबसे बड़ा इंजीनियरिंग कारखाना, सबसे बड़ा स्टील प्लांट बोकारो भी उनके ही कार्यकाल में स्थापित हुआ था। सरकार ने उनकी स्मृति में स्मारक, भवन, पार्क, पॉलिटैक्नीक कालेज, पॉवर हाउस, पॉवरग्रिड आदि की स्थापना भी की थी। वक्ताओं ने कहा कि पटना के गांधी मैदान में राजधानी का सबसे बड़ा सभागार का उनके ही नाम पर कराया गया है। श्रीकृष्ण विज्ञान केंद्र की स्थापना भी की गई है। उनका निधन 31 जनवरी 1961 को हुआ था। वक्ताओं ने बिहार मूल के लोगों से आग्रह किया है कि वे डा. श्रीकृष्ण सिंह के आदर्शों पर चलकर देश व प्रदेश की उन्नति में सहयोग करें।

# शांतिप्रिय ढंग से चल रहे आन्दोलन को प्रशासन का कुचलने का प्रयास है गलत

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** अपनी मांगों के लिए शांतिपूर्वक तरीके से आंदोलन कर रहे मारुति सुजुकी के मजदूरों को पुलिस ने जोर जबरदस्ती करके गिरफ्तार कर उन्हें पुलिस लाइन में बंद कर रखा है। गिरफ्तार किए गए मजदूरों के साथ पुलिस ने मार-पीट भी की है। यह आरोप श्रमिक यूनियनों का प्रतिनिधित्व करने वाली ट्रेड यूनियन काउंसिल (टीयूसी) ने लगाए हैं। काउंसिल के अनिल पंवार, कुलदीप सिंह, बलवीर कंबोज का कहना है कि अदालत के द्वारा मारुति सुजूकी की दीवार से 500 मीटर दूर रहकर प्रदर्शन करने के आदेश को भी पुलिस नहीं मान रही है। काफी समय से मारुति सुजुकी से गैर कानूनी ढंग निकाले गए श्रमिकों का धरना चल रहा है और श्रम विभाग से वार्तालाप भी चल रही है। उनका कहना है कि श्रमिक बड़े धैर्य और कानून की पालना करते हुए धरना दे रहे थे कि अचानक गुरुग्राम प्रशासन ने धारा 144 का हवाला देकर श्रमिकों के आन्दोलन को कुचलने का प्रयास किया। काउंसिल इसका विरोध करती है और सरकार से मांग करती है कि इस प्रकार से शांति प्रिय आंदोलनों में पुलिस की भूमिका की विशेष तौर पर जांच हो और किसी भी आन्दोलन में पुलिस का हस्तक्षेप बन्द हो। बातचीत के जरिए समस्याओं ओर मांगो का हल निकाला जाए। इस प्रकार की कार्यवाही को प्रशासन तुरंत बंद करे। श्रमिक विरोधी कार्यवाही का कार्उसिल के जसपाल राणा, बीएस यादव, ऊषा सरोहा, सतवीर सिंह, कंवर लाल यादव, श्रवण कुमार गुप्ता, बलवान सिंह, वजीर कुमार, अमित यादव, एसएन दहिया आदि ने प्रशासन से आग्रह किया है कि दमनात्मक कार्यवाही पर तुरंत रोक लगाई जाए।

# एनीमिया की रोकथाम को लेकर लगाया स्वास्थ्य शिविर

मेवात न्यूज एक्सप्रेस

**नूंह।** दावणगेरे हावेरी हाईवे लिमिटेड इरकॉन-डीएचएचएल की सीएसआर पहल के तहत, बिसनौली सर्वोदय ग्रामोद्योग सेवा संस्थान (बीएसजीएसएस) ने शुक्रवार को गांव कंवरसिका में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। यह शिविर एनीमिया मुक्त भारत के मिशन के अनुरूप था। एनीमिया की व्यापकता को रोकने और नियंत्रित करने के लिए शुरू किए गए व्यापक सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के हिस्से के रूप में निर्धारित 15 शिविरों में से यह पहला शिविर था। चूंकि एनीमिया यहां एक प्रमुख मुद्दा है, खासकर महिलाओं और बच्चों में यह शिविर कंवरसिका गांव के लोगो और उसके आस पास स्थानीय समुदाय के बीच स्वास्थ्य, पोषण और प्रतिरक्षा में सुधार करने में काफी मदद करेगा। शिविर में डॉक्टरों की टीम ने सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक कंवरसिका में 1007 लोगों की सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ, रक्त परीक्षण किया गया और बीपी और ऑक्सीजन स्तर की जांच की गई। लाभार्थियों के बीच दवाओं के अलावा पोषण किट और प्रतिरक्षा-बूस्टर पैक



वितरित किए गए। इस अवसर पर इरकॉन से राजीव कुमार सिन्हा (कार्यकारी निदेशक, विशेष कार्य एवं मॉडल अधिकारी सीएसआर एवं रघु प्रताप पारीक सहायक प्रबंधक, सीएसआर उपस्थित थे। साथ ही शिविर में जिला प्रशासन की ओर से सीएमओ नूंह डॉ. सर्वजीत थापर पहुंचे। सीएमओ डॉ. सर्वजीत थापर ने कहा कि क्षेत्र के लिए इन स्वास्थ्य शिविरों का लाभ उठाए। इस शिविर में जेएन राय, निदेशक परियोजनाएँ, डॉ. कृपा शंकर गुप्ता, एनजीओ के चिकित्सा सलाहकार और अनुप कुमार, निदेशक-संचालन, ने स्थानीय बीएसजीएसएस जन आरोग्यम टीम के साथ शिविर में गतिविधियों का समन्वय किया।

# कासन, कुकड़ोला और सहरावन गांव की 1810 एकड़ जमीन को लेकर कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने किसानों व एचएसआईआईडीसी अधिकारियों संग की बैठक

**■ नो लिटिगेशन पॉलिसी- 2023 का लाभ लेने से वंचित किसानों के लिए 15 दिन के लिए पुन: खोला जाएगा पोर्टल, होगा अंतिम अवसर: राव नरबीर सिंह**

**■ राव ने कहा, किसानों के आवेदन पत्र पूरे करवाने के लिए सप्ताह में दो दिन एचएसआईआईडीसी कार्यालय में बैठेंगे डीआरओ, एचएसआईआईडीसी अधिकारी व संबंधित पटवारी भी करेंगे मदद**



मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुरुग्राम, मोहित सैनी।** कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह सरकार के गठन के पहले दिन से ही जिला में निरन्तर विकास परियोजनाओं का जायजा ले रहे हैं। इसके साथ साथ जिला की प्रमुख समस्याओं व आमजन की शिकायतों के संदर्भ में संबंधित विभागीय अधिकारियों संग बैठक कर उन्हें स्थायी समाधान के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी दे रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने शुक्रवार को एचएसआईआईडीसी के अधिकारियों संग बैठक कर मानेसर तहसील के कासन, कुकड़ोला और सहरावन गांवों की 1810 एकड़ जमीन अधिग्रहण के मामले में नो लिटिगेशन पॉलिसी-2023 को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बता दें कि कैबिनेट मंत्री ने किसानों की मांग पर 3 जनवरी को विभागीय अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक कर 31 जनवरी तक पॉलिसी का लाभ देने के संदर्भ में आवश्यक निर्देश दिए थे। बैठक में किसानों ने कैबिनेट मंत्री को अवगत कराया कि अधिकतर किसान जो नो लिटिगेशन पॉलिसी- 2023 का लाभ लेने के इच्छुक थे। वे समय रहते इसका लाभ नही ले पाए। राव नरबीर सिंह ने किसानों की मांग पर संज्ञान लेते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पालिसी का लाभ लेने से वंचित रहे किसानों के लिए पोर्टल को पुनः 15 दिन के लिए खुलवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वंचित किसानों के लिए अंतिम अवसर है। इसके उपरांत पोर्टल को नही खोला जाएगा।

किसानों के आवेदन पत्र पूरे करवाने के लिए सप्ताह में दो दिन एचएसआईआईडीसी कार्यालय में बैठेंगे डीआरओ, एचएसआईआईडीसी अधिकारी व संबंधित पटवारी भी करेंगे मदद

राव नरबीर सिंह ने कहा कि इस पूरी प्रक्रिया में किसानों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो व पूरा कार्य समयबद्धता के साथ पूरा किया जा सके। इसके लिए डीआरओ नरेश कुमार को हफ्ते में दो दिन मंगलवार व वीरवार को एचएसआईआईडीसी कार्यालय में बैठने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों के आवेदनों में किसी प्रकार की त्रुटि ना रहे इसके लिए एचएसआईआईडीसी के अधिकारी तीनों गांवों के पटवारी के साथ उनका आवेदनपत्र तैयार करने व अन्य कागजी कार्रवाई में सहयोग करेंगे। राव ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में यह किसान हितेषी सरकार निरन्तर उनकी उन्नति को लेकर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि यह जनता द्वारा जनहित के लिए चुनी गई सरकार है। जो किसी भी वर्ग के साथ अन्याय नही होने देगी।

बैठक में एचएसआईआईडीसी के एमडी सुशील सारवान ने नो लिटिगेशन पॉलिसी -2023 की जानकारी देते हुए कहा कि इस नीति में भूमि मालिकों या लैंड एंटाइटलमेंट सर्टिफिक्रेट धारकों को लैंड एंटाइटलमेंट सर्टिफिक्रेट का व्यापार करने, खरीदने या बेचने की भी स्वतंत्रता दी गई है। भूमि मालिक ओपन मार्केट में लैंड एंटाइटलमेंट सर्टिफिक्रेट का मुद्रीकरण कर सकता है या एचएसआईआईडीसी को वापस बेच सकता है। आवंटित की जाने वाली साइट के संबंध में बुनियादी ढांचागत सुविधाएं उपलब्ध होने के बाद भूमि पात्रता प्रमाण पत्र धारकों को पोजेशन के साथ एचएसआईआईडीसी द्वारा विकसित भूखंडों की पेशकश की जाएगी।

बैठक में एचएसआईआईडीसी से चीफ कॉर्डिनेटर इंडस्ट्रीज सुनील शर्मा ने बताया कि इस नीति में सरकार ने लैंड पूलिंग पॉलिसी 2022 की तर्ज पर भूमि मालिक/भूमि पात्रता प्रमाण पत्र धारकों को बाय बैक का भी विकल्प दिया है। इसके तहत, भूमि मालिक व लैंड एंटाइटलमेंट सर्टिफिक्रेट धारक एचएसआईआईडीसी से वैध भूमि पात्रता प्रमाण पत्र वापस खरीदने का अनुरोध कर सकते हैं। बैठक में डीआरओ नरेश कुमार, एचएसआईआईडीसी से जीएम दिव्य कमल व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों सहित काफी संख्या में किसान भी मौजूद रहे।

# विश्व आर्द्रभूमि दिवस के उपलक्ष्य में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुरुग्राम, मोहित सैनी।** वन्य प्राणी विभाग द्वारा सुल्तानपुर राष्ट्रीय उद्यान में विश्व आर्द्रभूमि दिवस के उपलक्ष्य में आज पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 12 स्कूलों के 139 बच्चों ने भाग लिया। जिला वन अधिकारी राजकुमार ने बताया कि वेटलैंड प्राकृतिक जलीय भूमि को कहा जाता है, जहां बरसात या नदियों का पानी एकत्रित रहता है। हमारे इको सिस्टम में वेटलैंड का एक महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता को



लेकर बच्चे काफी उत्साहित दिखाई दिए। अध्यापकों व स्कूली बच्चों ने इस तरह के आयोजन पर खुशी का इजहार किया। प्रतियोगिता में राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 4-7 के 12वीं कक्षा के छात्र मोहित सोनी ने प्रथम, इसी विद्यालय के राहुल ने द्वितीय तथा सीनियर सेकेंडरी स्कूल बुढेड़ा की 12वीं कक्षा की छात्रा मुस्कान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिला वन अधिकारी ने बताया कि बच्चों को राष्ट्रीय पक्षी उद्यान का भ्रमण करवाया गया। इस प्रतियोगिता में विजेता रहे बच्चों को 2 फरवरी को सुल्तानपुर राष्ट्रीय उद्यान में आयोजित होने वाले विश्व आर्द्रभूमि दिवस के कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।

# एनआईए टीम ने दी दस्तक, गुरुग्राम के मामले से संबंधित युवक की गिरफ्तारी को लेकर खंगाले कैमरे

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**कैथल।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एन आई ऐ) की टीम ने शुक्रवार को कुरुक्षेत्र में दस्तक दी और गुरुग्राम में हुई एक घटना से जुड़े सुराग तलाशने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले। टीम ने सलारपुर रोड स्थित एक कॉलोनी में पहुंचकर एक घर के बाहर लगे कैमरों की जांच की। जानकारी के अनुसार, 10 दिसंबर को गुरुग्राम में एक घटना घटी थी, जिसकी जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध को बाइक पर जाते हुए देखा। इसके बाद पुलिस ने लोकेशन ट्रेस कर 2 दिन बाद युवक को कुरुक्षेत्र में उसकी रिश्तेदारी से हिरासत में ले लिया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने युवक को अवैध रूप से कई दिनों तक हिरासत में रखा और 18 दिसंबर को अदालत में पेश किया। इस संबंध में परिजनों ने एन आई ऐ अदालत में शिकायत दी, जिसके बाद अदालत ने कुरुक्षेत्र स्थित घर के आसपास लगे कैमरों की जांच के आदेश दिए ताकि युवक की गिरफ्तारी की सटीक तारीख स्पष्ट हो सके। एन आई ऐ की टीम शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे मौके पर पहुंची और डेढ़ घंटे तक सीसीटीवी फुटेज की जांच की। हालांकि, अधिकारियों




ने इस मामले में कोई आधिकारिक बयान देने से इनकार कर दिया। बताया जा रहा है कि जांच में मिले सीसीटीवी कैमरों में केवल पिछले 20 दिनों का रिकॉर्ड उपलब्ध था, जिससे अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि युवक को वास्तव में कब हिरासत में लिया गया था। परिजनों का कहना है कि युवक को गुरुग्राम में हुई घटना की कोई जानकारी नहीं थी, वह सिर्फ किसी के साथ बाइक पर सवार था, लेकिन पुलिस ने उसे भी आरोपी मानते हुए गिरफ्तार कर लिया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एन आई ऐ की टीम ने कुरुक्षेत्र में जांच के दौरान स्थानीय प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को भी साथ रखा।

# Infinix Zero 5G Confirmed to Launch in India on February 4, Zero Book Ultra Microsite



Infinix announced on Sunday that the Infinix Zero 5G 2023 smartphone will launch in India on February 4. This mid-range model was launched in the global markets in December last year. It comes with a 6.78-inch full-HD+ IPS LTPS display that offers a 120Hz refresh rate. Under the hood, the Infinix Zero 5G 2023 packs a MediaTek Dimensity 1080 5G SoC. In related news, a microsite for the Infinix Zero Book Ultra laptop has gone live on Flipkart. The listing does not reveal its launch date, however, it confirms the specifications of the laptop ahead of launch. Infinix revealed via a tweet on Sunday that the Infinix Zero 5G 2023 will debut in India on February 4 and will be sold via Flipkart. The handset has already debuted in other countries, where it costs $239 (roughly Rs. 19,500). It comes in Black, Orange, and White colour options. The Infinix smartphone will boot Android 12-based XOS 12 out-of-the-box. The Infinix Zero 5G 2023 gets a 6.78-inch full-HD+ IPS LTPS display with a 120Hz refresh rate. It is powered by a MediaTek Dimensity 1080 5G SoC, coupled with an Arm Mali-G68 MC4 GPU. For optics, this handset features a 50-megapixel triple rear camera setup and a front-facing 16-megapixel sensor with dual front flash. It packs a 5,000mAh battery with support for 33W fast charging. In addition, a microsite for the Infinix Zero Book Ultra has surfaced on Flipkart. Infinix has not revealed the launch date of this laptop, however, it is expected to arrive soon. Its pricing information is still under wraps as well. This upcoming laptop will be powered by up to 12th Gen Intel Core i9 processors. Infinix Note 12i (2022) Will Launch in India on This Date There will be up to 32GB of LPDDR5 high-performance RAM. The Infinix Zero Book Ultra will also get dual SSD compatible with up to 1TB PCIe 4.0 SSD storage. It will feature the OverBoost performance switch and a fingerprint sensor.

# Google removed over 7,500 YouTube channels linked to malicious operations

Google took down more than 7,500 YouTube channels in Q1 2023 as part of its investigation into coordinated influence operations, and terminated 6,285 YouTube channels and 52 Blogger blogs alone linked to China. Also Read - Google plans to roll out fall detection feature on all Pixel watches These channels and blogs mostly uploaded spammy content in Chinese about music, entertainment and lifestyle. Also Read - Google at MWC 2023: How to connect Chromebook with Bluetooth headphones "A very small subset uploaded content in Chinese and English about China and U.S. foreign affairs," said Google. Also Read - MWC 2023: Google announces six new features for Android Google's Threat Analysis Group (TAG) said it also terminated 40 YouTube channels sharing content in Persian, English, Hindi and Urdu




that was supportive of the Iranian government and critical of protesters in Iran. The team terminated 1,088 YouTube channels, sharing content in Azerbaijani that was supportive of Azerbaijan and critical of Armenia and critics of the Azerbaijani government. It also blocked 2 domains from eligibility to appear on Google News surfaces and Discover as part of its investigation into coordinated influence operations linked to individuals from Poland. "The campaign was sharing content in Polish that was supportive of Russia and critical of the United States and Ukraine. We received leads from Mandiant, which is now part of Google Cloud," said the company. Google also terminated 87 YouTube channels linked to the Russian Internet Research Agency (IRA). "We terminated 4 YouTube channels as part of our investigation into coordinated.


# boAt Wave Flex Connect smartwatch with Bluetooth calling, IP68 rating launched in India



Much-popular wearable brand boAT has launched a new affordable smartwatch in India called Wave Flex Connect. The smartwatch comes with a metal body and silicone straps that go easy on the skin. The highlights of the smartwatch include blood oxygen tracker, an IP68 rating, Bluetooth calling and up to 10 days of battery life. Also Read - Boat led the TWS shipments in 2022, India's TWS shipments grew by 85 percent Boat Wave Flex Connect smartwatch price, sale Boat Wave Flex Connect smartwatch is launched at Rs 1,799. In terms of colours, it will be available in Active Black, Cherry Blossom, and Deep Blue colour variants. The smartwatch is now available for purchase on Flipkart and the company's official smartwatch. Buyers can even get bank discounts on the smartwatch Boat Wave Flex Connect smartwatch specifications, features Boat Wave Flex Connect features a 1.83-inch HD touchscreen display that offers 550 nits of brightness. The smartwatch allows users to make and receive Bluetooth calls and save up to 10 contacts on the watch. For Bluetooth calling, the smartwatch comes with a microphone and speaker. As per the company, "The 1.83 inches HD display with 550 Nits brightness provides a complete capacitive touch experience that effortlessly lets you take control over everything. The display has a crisp image quality with 240*280 Resolution and a 2.5D Curve, making everything look larger than life." In terms of features, Boat Wave Flex Connect comes with a sleep and blood oxygen monitor. The smartwatch even offers 100 cloud watch faces. As mentioned earlier, the smartwatch houses a 240mAh battery that can offer up to 10 days of battery life. The company claims that it can charged fully in just 2 hours. This newly-launched Boat smartwatch also comes with an IP68 rating for water and dust resistance. For the unversed, it was recently reported that boAt registered 89 percent (year-on-year) growth, contributing two-fifths of the total shipments of TWS earbuds in India. The Airdopes 131 remained the top-selling model for the second consecutive year with a 10 percent share.

# Uber introduces a ride tracker on the iPhone lock screen

WhatsApp is testing multiple features for the app to make it a full-fledged social media app. Now, as per a report, WhatsApp is testing a major feature that may allow you to share photos in the original quality. Also Read - Google's ChatGPT competitor is launching in May this year WhatsApp will soon allow you to select the photo quality before sending As per WABetaInfo, WhatsApp's latest beta update for Android – 2.23.2.11 update, is allowing users to select the photo quality before sending. This feature will allow users to send photos in high resolution or original quality. Also Read - ICC loses Rs 20 crore in a phishing attack: Check details Sometime back in the beta version 2.21.15.7, WhatsApp was spotted allowing three photo quality options to users – automatic, best quality, and data saver. However, even with the best quality option selected, the photos were less compressed. On the other hand, the data saver mode made the photos fully compressed. Also Read - Infinix Note 12i with 33W fast charging to launch on January 25 in India But now in a recent beta version, WhatsApp has a Settings button on the top, tapping which will allow you to select the Photo quality. The feature will then let you send original-quality photos. This feature was much-awaited, as every time someone needed a full-quality photo, they have to send it via Document. The process for iOS users was troublesome as they have to first save the images as documents in the Files app and then send the document version. The new feature will also make WhatsApp compete with Telegram since it has several other useful features. It is unclear when WhatsApp will bring the feature to the public. However, since it was spotted in the beta version expect it to arrive in a few months. In other news, WhatsApp is also testing a voice status feature, which will let users record their voice notes. This may save some time as opposed to typing, but the usability will vary depending on person-to-person. Other features that WhatsApp is testing include a camera mode, proxy, block shortcut,




# HP Envy x360 15 Laptops With OLED Touch Displays



HP Envy x360 15 (2023) laptops were launched in India on Monday. The company's refreshed laptops are aimed at creative professionals and feature 15.6-inch OLED touch displays with a 360-degree hinge. Under the hood, they are powered by up to 12th Gen Intel Core i7 processors, paired with Intel Iris Xe integrated graphics. The Envy x360 15 laptops are equipped with a 5-megapixel webcam. In addition, they get IR face recognition technology. The company claims that these laptops can provide up to 10 hours of battery life. HP Envy x360 15 (2023) price in India, availability The new HP Envy x360 15 models start at Rs. 82,999 for the 12th Gen Intel Core i5-powered model that features 8GB of RAM and 512GB of storage. The 16GB RAM + 512GB storage model with a full-HD display costs Rs. 86,999. Meanwhile, the same configuration with an OLED touch display can be purchased for Rs. 94,999. Meanwhile, the top-of-the-line variant with a 12th Gen Intel Core i7 CPU, 16GB of RAM, and 1TB of storage costs Rs. 1,149,99. Asus Vivobook S 16 Flip OLED With Up to 13th Gen Intel Core i9 CPUs Unveiled HP Envy x360 15 (2023) specifications This laptop gets a 15.6-inch OLED Eyesafe-certified touch display. It is designed to offer Improved latency and sensitivity for capturing fine details while using the included HP MPP 2.0 Tilt Pen with a magnetic connection. The new HP Envy x360 15 is powered by up to 12th Gen Intel Core i7 processors, coupled with up to Intel Iris Xe integrated graphics. It sports a 5-megapixel webcam with IR face recognition technology, along with a physical camera privacy shutter. The HP Envy x360 15 (2023) is equipped with Bang and Olufsen speakers. For fast wireless connectivity, it comes with support for Wi-Fi 6E and Bluetooth 5.2 technologies. Samsung Galaxy Book2 Go 5G Laptop Launched: All Details HP claims that this convertible laptop can offer a battery life of up to 10 hours. It comes with the HP QuickDrop feature for fast file transfers. In addition, the HP Palette program comes pre-loaded for sketching

# Statiq Wins HPCL Contract for 500 Electric Vehicle Chargers Across 12 States

EV charging network provider Statiq on Monday said it has won a contract from public sector oil marketing firm HPCL for setting up over 500 EV chargers across 12 states. Under the contract, the firm will install over 500 chargers, for all types of electric vehicles including two and four-wheelers, at HPCL's outlets spread across Andhra Pradesh, Assam, Chhattisgarh, Gujarat, Himachal Pradesh, Kerala, Madhya Pradesh, Maharashtra, Orissa, Rajasthan, Tamil Nadu and West Bengal, the company said in a statement. Of the total 500 chargers, over 400 chargers will be of 3.3 kw capacity each while a few more than a hundred chargers will be of 7.7 kw capacity each, it stated. "With HPCL undertaking a major and country-wide exercise in terms of setting up EV charging stations at their petrol pumps, we have won this tender and become a part of their EV infrastructure building up journey," said Aman Rehman, head of government relations at Statiq. Why Paris Is Set to Ban E-Scooters From September Statiq last year had installed nearly 200 chargers – some 130 chargers of 3.3 kw and 75 chargers of 7.7 kw capacity – at HPCL's outlets in cities such as Gorakhpur, Kanpur, Lucknow, Patna, Agra, Meerut, Dehradun and Varanasi. In November 2022, Mahindra announced that it had partnered with three electric vehicle infrastructure partners -- Jio-bp, Statiq, and Charge+Zone -- to offer charging solutions for its upcoming range of




passenger electric vehicles. With these partnerships, Mahindra EV users will get seamless access to a robust fast charging infrastructure and e-mobility solutions spanning across discovery, availability, navigation and transactions, according to the automaker. A month before that announcement, Jio-Bp, the fuel retailing joint venture between Reliance and BP, stated that it would set up charging network for Mahindra's upcoming e-SUV launches. Back in 2021, the companies signed an MoU for exploring the creation of EV products and services, alongside identifying synergies in low-carbon and conventional fuels.

## चिंतन

# जीडीपी दर बढ़ाने और कड़े आर्थिक सुधारों का सुझाव

वित्त वर्ष 2024-25 की आर्थिक समीक्षा में देश की अर्थव्यवस्था की मौजूदा तस्वीर पेश की गई है। अर्थव्यवस्था के सामने मौजूद घरेलू व वैश्विक चुनौतियों को रेखांकित किया गया है और आर्थिक वृद्धि को रफ्तार देने के लिए सुधारों को आगे बढ़ाने का सुझाव दिया गया है। सुस्त जीडीपी दर व महंगाई पर चिंता दर्शायी गई है। रोजगार सृजन पर जोर देने और निवेश को बढ़ावा देने के उपायों पर गौर करने के लिए कहा गया है। यूं तो अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत बताई गई है, लेकिन चालू व अगले वित्त वर्ष के लिए कम जीडीपी अनुमान को देखते हुए कड़े आर्थिक सुधार की पैरवी की गई है। आर्थिक समीक्षा में देश की वृद्धि दर अगले वित्त वर्ष में 6.3 से 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है, जो विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को हासिल करने के लिए काफी नहीं है। इसके साथ ही वृद्धि को गति देने के लिए भूमि और श्रम जैसे क्षेत्रों में नियमनों को उदार बनाने और सुधार को आगे बढ़ाने का आह्वान किया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा शुक्रवार को संसद में पेश आर्थिक समीक्षा में साफ संकेत दिया गया है कि भारत की वृद्धि सुस्त हो रही है और 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए करीब दो दशक से अधिक वक्त तक 8 प्रतिशत या इससे अधिक रफ्तार से जीडीपी ग्रोथ दर्ज करना होगा। वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी दर 8.2 प्रतिशत रही थी। समीक्षा में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि का जो अनुमान लगाया गया है, उसे विकसित देश बनने के लिए जरूरी वृद्धि दर से काफी कम माना जा रहा है। सरकार को उम्मीद है कि कृषि उत्पादन में उछाल, खाद्य मुद्रास्फीति में अपेक्षित नरमी और स्थिर वृहद-आर्थिक परिवेश के साथ ग्रामीण मांग के चलते निकट अवधि में आर्थिक वृद्धि में तेजी आएगी। समीक्षा में सरकार को लगता है कि अगले साल भारत की आर्थिक संभावनाओं को लेकर जोखिम संतुलित है। अगर वैश्विक स्थिति को देखें तो रूस व यूक्रेन युद्ध जारी है, पश्चिम एशिया में इजराइल, ईरान, हमास, हिज्बुल्ला, हुती के बीच तनाव व्याप्त है। अमेरिका में ट्रंपराज में अमेरिकी संरक्षणवाद को बढ़ावा दिए जाने व यूएस व चीन के बीच ट्रेड वार बढ़ने की संभावना के चलते वैश्विक आर्थिक परिस्थितियां कठिन रहने वाली हैं। इसके असर से भारतीय अर्थव्यवस्था भी अछूत नहीं रहेगी। भारत का निर्यात आयात से कम है, व्यापार घाटा बहुत ज्यादा है, वैश्विक स्तर पर तनाव और अनिश्चितताओं के साथ जिंसों के दाम में तेजी की आशंका अर्थव्यवस्था के लिए प्रतिकूल परिस्थितियां पैदा करती हैं। ऐसे में बजट में वैश्विक जोखिमों से निपटने के लिए बड़ा उपाय करने होंगे। समीक्षा में कृषि क्षेत्र, नए टेक उद्योग, एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार व निवेश बढ़ाने को कहा गया है। निवेश दर को बढ़ाकर सकल घरेलू उत्पाद का 35 प्रतिशत करने की आवश्यकता है, जो वर्तमान में 31 प्रतिशत है। समीक्षा में नियमनों को कम कर आर्थिक सुधारों को बढ़ाकर वृद्धि के इंजन को फिर से मजबूत करने का आह्वान किया गया है। नवाचार व एसएमई को बढ़ावा देने के लिए कहा गया है। जर्मनी, स्विट्जरलैंड, जापान और सिंगापुर जैसे देशों की आर्थिक सफलता में छोटे उद्यमों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। बजट में आर्थिक समीक्षा के सुझावों के अनुरूप एक्शन प्लान की उम्मीद है। समीक्षा में आयकर में राहत व टैक्स सुधार पर चुप्पी है। यह संकेत हो सकता है कि बजट में कर सुधारों पर अधिक ध्यान न दिया जाए, विकास को गति देने के लिए टैक्स रिफॉर्म जरूरी है।

## सारा संसार



वैकोम मंदिर केरल के कोट्टायम में स्थित है और नवंबर के महीने में अपने वैकोम अष्टमी समारोह के दौरान इस मंदिर का महत्व और बढ़ जाता है। इस मंदिर का निर्माण वर्ष 1594 में किया गया था। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस मंदिर में जो शिवलिंग स्थापित है वह त्रेता युग में स्थापित की गई थी।

## बजट

डॉ. सूर्यकांत मिश्रा




# मुफ्त योजनाएं बंदकर शिक्षा व स्वास्थ्य को करें निःशुल्क

